हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–175 : जौनपुर, गुरुवार 14 अक्टूबर 2021 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## अयोध्या की रामलीला के संरक्षक सुभाष मलिक उर्फ बाबी को पीएम नरेंद्र मोदी ने दिया प्रशंसा पत्र

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरों चीफ अयोध्या) प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या के किनारे स्थित लक्ष्मण किला घाट पर इस बार दूसरे वर्ष विश्व प्रसिद्ध अयोध्या की रामलीला का मंचन फिल्म जगत के कलाकारों व अन्य प्रसिद्ध कलाकारो द्वारा किया जा रहा है।अयोध्या की रामलीला का मंचन करोडो दर्शक अपने घर बैठे टीवी के माध्यम से देख रहे हैं। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या की रामलीला कमेटी के संरक्षक सुभाष मलिक उर्फ बाबी को प्रशंसा पत्र देकर दशहरे की बधाई दिया।इस संबंध में सुनील कुमार सिंह सिविल जज सीनियर डिवीजन द्वारा बताया गया कि इस समय सरयू तट के लक्ष्मण किला पर चल रही अयोध्या की रामलीला कमेटी को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रशंसा पत्र भेजकर दशहरे की बधाई दिया।प्रशंसा पत्र में नरेन्द्र मोदी ने लिखा कि रामलीला मंचन कार्यक्रम के आयोजन के बारे में जानकर प्रसन्नता हुई सत्य की असत्य पर विजय के प्रतीक दशहरा पर्व की बहुत–बहुत शुभकामनाएं।वही इसी कडी में रामनगरी की रामलीला में अयोध्या में जाने–माने सुपरस्टार और वरिष्ठ बीजेपी सांसद मनोज तिवारी जी ने अपने अभिनय से अयोध्या की रामलीला में राम भक्तों का मन मोह लिया। "शो मस्ट गो ऑन" की कहावत को चरितार्थ करते हुए सर पे लगी गंभीर चोट के बावजूद मनोज तिवारी ने अंगद की भूमिका को लाजवाब ढंग से निभाया।जैसा कि सब जानते हैं कि अंगद की भूमिका बहुत ही उछल कूद और पाँव को जमीन पर पटकने वाली है लेकिन इसके बावजूद भी अपने सिर पर लगी चोट को नजरअंदाज करते हुए मनोज तिवारी ने अपने जोशीले और बेहतरीन अभिनय द्वारा एक क्षण भी महसूस नहीं होने दिया कि वह एक दिन पहले ही दिल्ली में घायल हो गए थे और उन्हें सर पर गंभीर चोट आयी थी और थोड़े समय के लिए उन्हें हॉस्पिटल में भी भर्ती करना पड़ गया था।इसके बावजूद उसी शाम छह बजे अपने राम भक्तों का ख्याल रखते हुए वो "अयोध्या की रामलीला" के लिए दिल्ली से सड़क द्वारा यात्रा करके मनोज तिवारी अयोध्या पहुँचे।सिर में लगी चोट के कारण सिर पर मुकुट पहनना काफी दर्दनाक था जिसके कारण रामलीला कमेटी के आयोजकों ने कई बार उनसे विनती की थी कि वो बिना मुकुट लगाए अभिनय करें पर आयोजकों की इस बात को दरकिनार करते हुए काफी कष्ट के बावजूद भी चेहरे पे बिना किसी शिकन के साथ बहुत ही सचिव और जोशीला अभिनय करते हुए अंगद रावण प्रकरण किया।भोजपुरी सुपरस्टार सांसद मनोज तिवारी ने बोला मैं दूसरे वर्ष अयोध्या की रामलीला में काम करने आया हूं और अंगद की भूमिका मैंने पिछले वर्ष भी की थी। भगवान श्रीराम के आशीर्वाद और राम भक्तों के प्यार से 19 करोड़ 60 लाख से भी ज्यादा भगवान श्री राम के भक्तों ने अयोध्या की रामलीला को देखा है।अयोध्या की रामलीला विश्व की सबसे बड़ी रामलीला है भगवान श्री राम के भक्त ने इसे विश्व



की सबसे बड़ी रामलीला बनाया है और अयोध्या की रामलीला के अध्यक्ष सुभाष मलिक (बॉबी )और रामलीला कमेटी के पदाधिकारी की मेहनत और सराहना की वजह से अयोध्या की रामलीला भगवान श्री राम के भक्त दुनिया के कोने कोने में भगवान श्री राम के भक्त देख पाते हैं।आज अयोध्या की रामलीला का सातवां दिन है जिसमें जाने माने सुपरस्टार बिंदु दारा सिंह हनुमान की भूमिका में, अवतार गिल विभीषण की भूमिका में, राहुल बुच्चर राम की भूमिका में, मनोज तिवारी अंगद की भूमिका में अभिनय से भगवान श्री राम के भक्तों की प्रशंसा बटोरी।इस मौके पर अयोध्या की रामलीला के अध्यक्ष सुभाष मलिक (बॉबी)जी ने बोला कि हमारी रामलीला भगवान श्री राम की पावन धरती पर होती है और यह साधु संतों के आशीर्वाद से होती है। अयोध्या वासियों के प्रेम भाव की वजह से आज अयोध्या की रामलीला विश्व की सबसे बड़ी रामलीला बनी है।अयोध्या कि रामलीला उत्तर प्रदेश सरकार माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी और संस्कृति मंत्रालय एवं संस्कृति मंत्री नीलकंठ तिवारी जी के सहयोग व मार्गदर्शन से होती है। यह रामलीला मेरी मां फाउंडेशन द्वारा आयोजित की जाती है।रामलीला कमेटी के अध्यक्ष सुभाष मलिक ने बताया कि इस बार अयोध्या की रामलीला भगवान श्री राम के भक्तों ने 18 करोड से भी ज्यादा दुनिया के कोने कोने में देखा। शहबाज खान रावण के किरदार में नजर आ रहे हैं। भाग्यश्री माता सीता की भूमिका निभा रही हैं। रजा मुराद कुंभकरण के किरदार में, शक्ति कपूर अहिरावण के किरदार में, कैप्टन राज माथुर भरत के किरदार में निभा रहे हैं। राजेश पुरी नारद की भूमिका में हैं। अयोध्या की रामलीला रोज शाम 7:00 बजे से लेकर रात 10:00 बजे तक डीडी नेशनल दूरदर्शन पर लाइव लक्ष्मण किला, सरयू नदी तट के किनारे से दिखाई जा रही है।अयोध्या की रामलीला के चेयरमैन राकेश बिंदल जी और वाइस चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल ने कहा कि अयोध्या की रामलीला विश्व की सबसे बड़ी रामलीला है और इस बार अयोध्या की रामलीला ने पिछले वर्ष के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं।19 करोड़ 60 लाख से ज्यादा लोगों ने एक साथ टीवी यूट्यूब और सोशल मीडिया मोबाइल प्लेटफॉर्म पर अयोध्या की रामलीला देखा और सारे रिकॉर्ड तोड़े, यह इतिहास में पहली बार हुआ है।

## यूपी में ढ़ाई करोड़ से ज्यादा लोगों ने ली कोरोना वैक्सीन की दोनों डोज

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश में अब तक 11 करोड़ 74 लाख 85 हजार से अधिक कोविड वैक्सीन डोज लगाए जा चुके हैं। 9 करोड़ 21 लाख लोगों ने टीके की पहली डोज प्राप्त कर ली है। यह टीकाकरण के लिए पात्र प्रदेश की कुल आबादी के 62 फीसदी से ज्यादा है। वहीं, 2 करोड़ 53 लाख से अधिक लोगों ने टीके की दोनों डोज प्राप्त कर ली है। 17 फीसदी से अधिक लोग पूरी तरह टीकाकवर प्राप्त कर चुके हैं। प्रदेश के 41 जनपदों में कोरोना संक्रमण का एक भी एक्टिव केस नहीं है जबकि 13 जिलों में एक–एक एक्टिव केस शेष हैं। प्रदेश में बीते 24 घंटे में 1 लाख 71 हजार 729 सैम्पल की टेस्टिंग में 67 जिलों में संक्रमण का एक भी नया केस नहीं पाया गया। कुल 14 नए संक्रमित मरीज पाए गए, जबकि 16 मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हुए। वर्तमान में प्रदेश में एक्टिव कोविड केस की संख्या 135 रह गई है, जबकि 16 लाख 86 हजार 976 प्रदेशवासी कोरोना संक्रमण से मुक्त होकर स्वस्थ हो चुके हैं। प्रदेश में जनपद अमरोहा, अयोध्या, बदायूं, बागपत, बलिया, बस्ती, बहराइच, भदोही, बिजनौर, चन्दौली, चित्रकूट, देवरिया, एटा, इटावा, फर्रुखाबाद, फतेहपुर, गाजीपुर, गोंडा, हमीरपुर, हापुड़, हरदोई, हाथरस, जौनपुर, कानपुर देहात, कासगंज, कुशीनगर, लखीमपुर–खीरी, ललितपुर, महोबा, मैनपुरी, मऊ, मीरजापुर, रामपुर, संतकबीरनगर, शामली, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, सीतापुर, सोनभद्र, सुल्तानपुर और उन्नाव में कोविड का एक भी मरीज शेष नहीं है। यह जनपद आज कोविड संक्रमण से मुक्त हैं।

## विधायक जफराबाद द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ती बहनों को वितरित किया गया स्मार्टफोन



जौनपुर सू.वि. : बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग जौनपुर द्वारा सूचना और संचार समर्थित वास्तविक समय आधारित निगरानी (आई.सी.टी– आर.टी.एम) प्रणाली अंतर्गत विकासखंड सिरकोनी में विधायक जफराबाद डॉ० हरेंद्र प्रसाद सिंह द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ती बहनों को स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि सभी आंगनबाड़ी बहनों को विभाग के काम को आनलाइन करने के उद्देश्य से मोबाइल फोन वितरण किया गया है। उन्होंने कहा कि काम की अधिकता और कठिनाई को देखते हुए मोबाइल फोन आंगनबाड़ी बहनों को मिला है,जिससे अब कार्य करने में आसानी होगी और समय की बचत होगी। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी सिरकोनी, खंड विकास अधिकारी सिरकोनी, ए.डी. ओ.पंचायत और ए.डी.ओ. (आई एस बी) उपस्थित थे।

## कायस्थ सेवा समाज द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं का किया गया सम्मान

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरों चीफ अयोध्या) 13 अक्टूबर । पूर्व निर्धारित कार्यक्रम में नवरात्रि के शुभ अवसर पर कायस्थ सेवा समाज द्वारा देवी के बालिका स्वरूप यानि कि कन्याओं (13 वर्ष तक) जिन्होंने शिक्षा, नृत्य, गायन, कला, खेल के क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर अयोध्या तथा राज्य का नाम रौशन किया है, उन्हें पुष्प गुच्छ व स्मृति चिन्ह दे कर अध्यक्ष विजेश श्रीवास्तव, श्रीमती प्रियंका श्रीवास्तव ने सम्मानित किया। इस अवसर पर अध्यक्ष विजेश श्रीवास्तव ने कहा ये बालिकाएं देवी का स्वरूप हैं। आगे चलकर समाज के निर्माण में बालिकाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। अतः इनका उत्साह वर्धन करते रहना चाहिए। सम्मान पाने वालों में सोनाली श्रीवास्तव, अंशिका श्रीवास्तव, भूमिका श्रीवास्तव, अनुष्का श्रीवास्तव, आदिति श्रीवास्तव रोली, कृतिका, काव्या, सिमरन





मुख्य रहे। इस अवसर पर संगठन के महामंत्री अँकुर श्रीवास्तव संगठन मंत्री अँकुर श्रीवास्तव डॉ. कृष्ण चन्द्र उदय श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## यज्ञ–हवन व कन्या भोज के साथ देवी दुर्गा को दी गई विदाई

आर एल पाण्डेय लखनऊ। शारदीय नवरात्र में गुरुवार को पवित्र नवमीं की शुभ बेला में यज्ञ हवन व कन्या भोज के साथ देवी दुर्गा की विदाई करने के लिए गोंडा नगर के देवी मन्दिरों व पूजा पंडालों में श्रद्धालु भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा है। गोण्डा नगर के देवी मन्दिरों और पूजा पंडालों में आधी रात से शु रू हुए देवी स्तवन व दुर्गा सप्तशती का पाठ, कन्या भोज व बाहर नगाड़े पर बज रहे बधाई संगीत से वातावरण भक्तिमय हो उठा है। केन्द्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष अरुण कुमार शुक्ल व महामंत्री राकेश वर्मा ने बताया कि पूजा पंडालों में स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं का गुरुवार को यज्ञ हवन के बाद विसर्जन शुक्रवार को परम्परागत ढंग से सागर तालाब और खैर सरोवर में कराया जाएगा। विसर्जन के निमित्त बने घाटों पर सुरक्षा व प्रकाश की विशेष व्यवस्था की जा रही है। देवी भक्तों की सर्वाधिक भीड़ नगर में स्थित प्राचीन व पौराणिक महत्व लिए काली भवानी व बडगांव के खैरा भवानी मन्दिर में दिखाई पड़ रही है। यहां दर्जनों पुजारी व पुरोहित देवी भक्तों का पूजन करा रहे हैं। खैरा में महंथ कैलाश गिरि ने भक्तों को देवी पिंडी पर दर्शन व प्रसाद चढाने और देवी भक्त कल्पराम त्रिपाठी ने भक्तों के यज्ञ हवन में सहयोग देने की विशेष व्यवस्था की है। भाजपा खैरा के बगल मनसा देवी व स्टेशन रोड स्थित नूरामल आजाद भवानी मंदिर, मालवीय नगर के साईं मन्दिर पर भी यज्ञ हवन के साथ भंडारा चल रहा है। इन्द्रापुर–जैनगरा में कालीथान व चन्टूबाबा साईं मन्दिर में नवरात्र भर चले विशेष पूजन अर्चन का समापन प्रधान लल्लू पाठक की ओर से कन्या भोज, वस्त्र धारण दान और व्रतधारियों को फलाहार से हुआ हुआ। बस स्टेशन स्थित पंजाबी दुर्गा मन्दिर में सप्ताह भर चले महिला संगीत भजन प्रवचन के उपलक्ष्य में कन्या भोज के साथ विशाल भण्डारें का आयोजन प्रबन्धक रोशनलाल अरोरा कीई नमस्ते देख रेख में हुआ। यहां दोपहर में पुजारी शिवकुमार शास्त्री के संयोजन में हुए शतचंडी यज्ञ में नगर के सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। इमिलिया गुरदयाल स्थित गायत्री ज्ञान मंदिर में शारदीय नवरात्र में सैकड़ों साधकों ने सप्ताह भर चले गायत्री जाप का हवन के साथ समापन किया।इस मौके पर मंदिर के संरक्षक जगदीश जायसवाल व प्रबन्धक सुशील जायसवाल की ओर से मन्दिर परिसर में सर्व समाज के एक सौ आठ कन्याओं को भोजन के बाद पूजन व वस्त्रादि के साथ दक्षिणा देकर स्वागत किया गया।

## जबरन धर्मांतरण मामले में चार आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दायर, गरीबों व मूक–बधिरों को बनाया निशाना

लखनऊ ब्यूरो : गरीब और असहायों को धोखा व प्रलोभन देकर धर्मांतरण कराने के मामले में मुख्य आरोपी उमर गौतम के सहयोगी प्रसाद कावरे उर्फ एडम, फराज शाह, कौसर आलम और भूप्रिय बिंदों उर्फ अर्सलान के खिलाफ एटीएस के विशेष न्यायाधीश योगेंद्र राम गुप्ता की कोर्ट में चार्जशीट दायर की गई। इससे पूर्व 18 सितंबर को एटीएस ने मामले में उमर गौतम, जहांगीर आलम, राहुल भोला, मन्नू यादव समेत छह आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दायर किया था। एटीएस ने बुधवार को चार्जशीट में बताया कि आरोपी अवैध धर्मांतरण कराने के लिए गिरोह का संचालन कर रहे थे। इस गिरोह द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर और दिव्यांगों खासकर मूक–बधिरों को बहला–फुसलाकर व जबरन धर्मांतरण कराया जा रहा था। इसके लिए इस्लामिक दवाह सेंटर के अलावा डेफ सोसायटी को केंद्र बनाकर पूरे भारत में धर्मांतरण के लिए जाल बिछाया। यही नहीं, विदेशों में बैठे आरोपियों के सहयोगियों ने हवाला व अन्य तरीकों से भारी धन की व्यवस्था की। दूसरी ओर धर्म बदलने वाले मूल धर्म में वापस न जाएं, इसके लिए गिरोह प्रशिक्षण देने के साथ कार्यशालाओं का आयोजन करता था। इससे विभिन्न धर्मों की बीच वैमनस्यता व कटुता बढ़ी है। अंतरराष्ट्रीय सहयोगियों के साथ मिलकर एक सिंडिकेट भी बनाया। चार्जशीट के मुताबिक विवेचना में पता चला कि उमर गौतम व जहांगीर आलम ने अपने गिरोह के राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय सहयोगियों के साथ मिलकर एक सिंडिकेट भी बनाया था। इसका उद्देश्य धर्म बदलने वाले लोगों को उनके मूल धर्म के प्रति विद्वेष पैदा करना था। जिससे देश की अखंडता व एकता को बढ़ाने वाले बंधुता पर प्रतिकूल असर पड़ा है। उमर गौतम के सिंडिकेट को महाराष्ट्र में संचालित करने के आरोपी भूप्रिय बिंदो, कौसर आलम, फराज शाह व प्रसाद कावरे की मुख्य भूमिका है। चार्जशीट में कहा गया कि आरोपियों को धर्मांतरण के लिए विदेशों से मौलाना कलीम सिद्दीकी के जामिया इमाम वलीउल्लाह ट्रस्ट और हवाला के जरिए करोड़ों रुपये की फंडिंग की गई है। आरोपी पूछताछ में इस धन के बारे में कोई ब्योरा नहीं दे सके हैं।

## होमगार्ड विभाग का समूह ग एवं घ कर्मचारियों के मामले देखेंगे राज्य मंत्री पलटू राम : सीएम ने बांटी जिम्मेदारियां

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नए राज्यमंत्री पलटू राम को होमगार्ड और सैनिक कल्याण विभाग सौंपने के बाद विभाग के अंदर की जिम्मेदारियां भी बांट दी हैं। होमगार्ड विभाग में पलटू राम के पास समूह ग और घ के कर्मचारियों के शासन संबंधी मामले रहेंगे। इसके अलावा ड्यूटी के दौरान दिवंगत होमगार्ड के आश्रितों को सामाजिक सुरक्षा योजना के अधीन सहायता राशि का भुगतान कराने का काम, ड्यूटी के दौरान घायल होमगार्ड को इलाज की सुविधा उपलब्ध कराना और शासन को मिलने वाले प्री ऑडिट टीए बिल के भुगतान की अनुमति जैसे काम सौंपे गए हैं। नीतिगत मामले, समूह क और ख के अधिष्ठान संबंधी सभी मामले और आधुनिकीकरण, केंद्रीय सहायता संबंधी मामले, सभी वर्गों के भर्ती



मामले खुद मुख्यमंत्री देखेंगे। इसी तरह सैनिक कल्याण विभाग के सेवा नियमावली, चरित्रपंजियों का अनुरक्षण, रिट याचिकाएं जैसे सभी प्रमुख काम मुख्यमंत्री ने राज्यमंत्री के रूप में पलटू राम को सौंप दिए हैं।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## महंगाई की मार सिलेंडर की कीमत 900 के पार घरों में फिर जलने लगे चूल्हे

गोरखपुर मंडल प्रभारी आशुतोष चौधरी : गैस सिलेंडर से टूटने लगा नाता उज्जवला का उजाला खत्म गांव हो रहे हैं धुआ धुआ। गरीब का गैस से नाता टूटने लगा है गैस का सिलेंडर रु 900 के ऊपर पहुंचने से उज्जवला योजना के ज्यादातर लाभार्थियों का गैस सिलेंडर चूल्हे से निकलकर ताक पर जा पहुंचा है उज्जवला योजना के फ्लॉप होने से जहां गांवो में फिर से चूल्हे जलने लगे वही सरकार को भी करोड़ों रुपए का चूना लग गया गैस सिलेंडर महंगा होने से लोगों ने रिफिल कराना बंद कर दिया है केंद्र सरकार ने जैसे ही सब्सिडी बंद की लोगों ने सिलेंडर लेनी बंद कर दी गैस सिलेंडर महंगा होने से ज्यादातर लाभार्थियों ने लकड़ी जलाने में ही भलाई समझी शहरी क्षेत्र में तो फिर भी कुछ रिफिल ली जा रही है लेकिन ग्रामीण इलाकों में तो शायद ही कोई घर हो जो अब इस योजना का लाभ उठा रहा हो।

## कन्या पूजन के माध्यम से दिया संदेश

जौनपुर सू.वि. : महिला शक्ति केंद्र की टीम ने 14 अक्टूबर 2021 को काशीराम आवास में कंन्याओ का पूजन किया। कंन्या का पूजन दौरान बच्चों को उपहार स्वरूप पेन्सिल, रबर, कटर देकर उन्हें सर्वशिक्षा अभियान से भी अवगत कराया। इस दौरान महिला कल्याण अधिकारी नीता वर्मा ने बताया गया कि सरकार ने बच्चों की पढ़ाई के लिए कितनी योजनाएं निकाली हैं, हमारे भारत की कोई भी बालिका शिक्षा से वंचित न रहे, साथ



ही कई टोल फ्री न० भी महिलाओं व बच्चो के लिए जारी किए हैं, जिसका उपयोग करना चाहिए और सभी को जागरूक करना चाहिए। जिला समन्वयक प्रतिभा सिंह ने कहा कि बेटियां अपने आप को कमजोर न समझें। अपने अधिकारों को जानें और उद्देश्यों को पूरा करें। यदि किसी छात्रा को विद्यालय आने–जाने में किसी प्रकार की परेशानी है, कोई उसे परेशान करता है तो वह बिना किसी डर के 1090 पर कॉल करें। नारी को अपनी गरिमा को बनाए रखने के लिए आत्मविश्वास बनाए रखना होगा। जिला समन्वयक बबिता ने कहा कि छात्राओं को अपने व्यक्तित्व का मजबूती के साथ विकास करना होगा। बेटियां एक नहीं दो–दो घरों को रोशन करती हैं। इसलिए जरूरी है कि बेटियों को बेहतर शिक्षा दिलाते हुए उनके भविष्य को सुरक्षित किया जाए। कार्यक्रम में महिला कल्याण अधिकारी, जिला समन्वयक, केस वर्कर, स्टाप नर्स, कंप्यूटर ऑपरेटर, मौजूद रहे व कार्यक्रम को सफल बनाया।

## समस्त अधिकारी/ कर्मचारी व कंप्यूटर ऑपरेटरो को कलेक्ट्रेट सभागार में दिया गया प्रशिक्षण

जौनपुर सू.वि. : आई०जी०आर०एस० पोर्टल पर प्राप्त होने वाले शिकायतों की गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किए जाने के संबंध में जनपद के समस्त अधिकारी/ कर्मचारी व कंप्यूटर ऑपरेटरो को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में आइजीआरएस के नोडल जवाहर सोनकर ने अवगत कराया कि आईजीआरएस पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का निस्तारण समय से तथा गुणवत्तापूर्वक किया जाए। पोर्टल पर आने वाली शिकायतों को प्रतिदिन आफिस आने के बाद सुबह एक घंटे निकलकर उसका निस्तारण कर दिया जाए। शिकायतो को डिफाल्टर श्रेणी में आने न दिया जाए। उन्होंने अवगत कराया कि एक मोबाइल नंबर/ईमेल आईडी से पोर्टल पर एक माह में 50 से अनधिक संदर्भ दर्ज नही हो सकेगा। एक ही नंबर से बार–बार शिकायते आते हैं तो उनकी शिकायत का स्तर देखते हुए अवगत कराएं और अगर वही शिकायतकर्ता बार–बार शिकायत करता है और शिकायत गुणवत्ता परक नहीं है तो उच्च अधिकारी से शिकायत को इंक्लूड कराकर हमें अवगत कराएं, जिससे उस शिकायतकर्ता से बात करके तथा समाधान करके उसको बंद किया जा सके। ई–डिस्टिक मैनेजर प्रतीक उपाध्याय ने कहा कि शिकायतों का निस्तारण जल्द से जल्द किया जाए। शिकायतों को 24 घंटे के अंदर कार्यालय स्तर पर लंबित करते हुए उसका निस्तारण किया जाए। सी श्रेणी के संदर्भ को उच्चाधिकारियों को अवगत कराकर एवं अधिकारियों से शिकायतकर्ता से बात कराकर ही निस्तारण किया जाए। पोर्टल पर पड़ी शिकायतों को अनमार्क में न छोड़ा जाए। उन्होंने यह भी कहा कि प्रतिमाह न्यूनतम 30 संदर्भ एवं अधिकतम 100 संदर्भों का श्रेणीकरण पत्रावली पर परीक्षण करने के उपरांत किया जाएगा। इस अवसर पर जनपद, तहसील, ब्लाक के आई०जी०आर०एस० नोडल एवं कंप्यूटर ऑपरेटर उपस्थित रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

*नीयत साफ रखें, नियति पूरा साथ देगी–*

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# सम्पादकीय

## एक ध्येय के सूत्र से बंधे थे वीर सावरकर और भगत सिंह

आपने देखा और पढ़ा होगा कि भारत में तथाकथित बुद्धिजीवियों का एक विशेष वर्ग स्वातंर्त्यवीर सावरकर और सरदार भगत सिंह को एक–दूसरे के सामने खड़ा करने का प्रयास करता है। ऐसा करते समय उसकी नीयत साफ नहीं होती। मन में बहुत मैल रहता है। दरअसल, वे स्वातंर्त्यवीर विनायक दामोदर सावरकर को कमतर दिखाने और उनका अपमान करने की चेष्टा कर रहे होते हैं। लेकिन, सूरज से भी भला कोई आँखें मिला सकता है। दो महापुरुषोंध्क्रांतिकारियों की तुलना करके ऐसे लोग अपने ओछेपन को ही उजागर कर रहे होते हैं। ऐसा करते समय उन्हें पता ही नहीं होता कि दोनों क्रांतिवीर एक–दूसरे का बहुत सम्मान करते थे। आज हम वीर सावरकर और सरदार भगत सिंह के आपसी संबंधों को टटोलने का प्रयास करेंगे। हम जानेंगे कि कैसे भगत सिंह क्रांति की राह में सावरकर के प्रति आदर का भाव रखते थे और सावरकर के मन में भगत सिंह के प्रति कितनी आत्मीयता थी?सरदार भगत सिंह के बचपन का एक प्रसंग आप सबने पढ़ा या सुना होगा। बचपन में खेलते समय भगत सिंह ने चाचाजी की बंदूक हाथ में उठा ली। उन्होंने चाचाजी से पूछा कि इससे क्या होता है? चाचाजी ने बताया कि ''वे इससे अंग्रेजी हुकूमत को अपने देश से भगाएंगे। कुछ दिनों बाद भगत सिंह ने चाचाजी को आम का पौधा रोपते देखा, तो पूछ लिया कि यह क्या कर रहे हैं? बाल सुलभ प्रश्न है। चाचाजी ने उत्तर दिया कि मैं आम का पौधा लगा रहा हूँ, जिस पर बहुत से आम लगेंगे और हम सब खाएंगे। यह उत्तर सुनकर भगत सिंह घर से उनकी बंदूक ले आए और खेत में गड्ढा खोदना शुरू कर दिया। जब वे उस गड्ढे में बंदूक डाल रहे थे, तब प्रश्न करने की बारी चाचाजी की थी। चाचाजी ने पूछा कि यह क्या कर रहे हो? तब जन्मजात देशभक्त क्रांतिकारी भगत सिंह ने कहा कि मैं बंदूक की फसल उगा रहा हूँ, जिससे कई बंदूकें पैदा होंगी और हम सब मिलकर अपने देश को अंग्रेजों से आजाद करा लेंगे। अब सावरकर के जीवन का प्रसंग देखिए। अतुल्य शौर्य और बलिदान के पर्याय चाफेकर बंधुओं को जब आतातायी ब्रिटिश सरकार ने फांसी दी, तो बालक सावरकर के मन पर इसका गहरा असर हुआ। चाफेकर बंधुओं की क्रांति को कौन बल देगा? कौन है जो स्वतंत्रता की बलिवेदी पर अपने प्राणों की आहुति देने आगे आएगा? चाफेकर बंधुओं की फांसी से सावरकर के भीतर जल रही क्रांति की लौ धधक उठी। 14 वर्ष का यह वीर बालक अपनी कुलदेवी माँ अष्टभुजा के चरणों में जाकर बैठ गया। उस दिन सावरकर ने अष्टभुजा देवी को साक्षी मानकर शपथ ली कि मैं मेरे देश की स्वतंत्रता पुनः प्राप्त करने के लिए सशस्त्र क्रांति करूंगा। स्वतंत्रता के कठिन पथ पर उनका यह पहला कदम था। स्वातंर्त्यवीर सावरकर और भगत सिंह के बचपन के यह प्रसंग देश के दो अलग–अलग हिस्सों में घट रहे थे। भाव एक था। संस्कार एक था। लक्ष्य एक था। इसलिए आगे चलकर वे एक–दूसरे की ओर खिंचे भी चले आए। दोनों ही प्रखर बौद्धिक। विश्व साहित्य का अध्ययन करने वाले। दोनों ने ऐसे साहित्य की रचना की, जो क्रांति की ओर कदम बढ़ा रहे नौजवानों का पथ प्रदर्शित करता था। हम सब जानते हैं कि ब्रिटिश सरकार ने भाड़े के इतिहासकारों को ठेका दिया था कि वे 1857 के स्वातंर्त्य समर के प्रभाव को कम करने के लिए उसे 'सिपाही विद्रोह' सिद्ध कर दें। सरकार नहीं चाहती थी कि क्रांति की यह आग तेजी से भारत में फैले और उसके विरुद्ध एक बार फिर संगठित प्रयास हों। अंग्रेजों के इशारे पर जब भारत के पहले संगठित स्वतंत्रता संग्राम को 'सिपाही विद्रोह' बताया जा रहा था, तब प्रखर मेधा के धनी सावरकर ने तर्कों–तथ्यों के आधार पर '1857 का स्वातंर्त्य समर' जैसा प्रेरणादायी ग्रंथ तैयार किया। यह ग्रंथ क्रांतिकारियों के लिए 'गीता' बन गया था। अंग्रेजों ने इस पुस्तक पर प्रकाशित होने से पूर्व ही प्रतिबंध लगा दिया। यह दुनिया की एकमात्र पुस्तक है, जिस पर प्रकाशन के पूर्व ही प्रतिबंध लगा है। आपको जानकर अच्छा लगेगा कि सरदार भगत सिंह इस पुस्तक से बहुत प्रभावित थे। उन्होंने रत्नागिरी जाकर वीर सावरकर से भेंट की और पुस्तक के प्रकाशन की अनुमति माँगी। भगत सिंह ने वीर सावरकर की पुस्तक को ब्रिटिश सरकार की नजरों से बचाकर प्रकाशित कराया और उसे क्रांतिकारियों के बीच पहुँचाया। सावरकर की इस पुस्तक से भगत सिंह कितने प्रभावित थे, इसको उनके एक करीबी सहयोगी राजा राम शास्त्री ने विस्तार से 'अमर शहीदों के संस्मरण' में लिखा है। वे लिखते हैं– ''वीर सावरकर द्वारा लिखित '1857 का स्वातंत्रय समर' पुस्तक ने भगत सिंह को बहुत अधिक प्रभावित किया था। यह पुस्तक सरकार द्वारा जब्त कर ली गई थी। मैंने इस पुस्तक की प्रशंसा सुनी थी और इसे पढ़ने का बहुत ही इच्छुक था। पता नहीं कहाँ से भगत सिंह को यह पुस्तक प्राप्त हो गई थी। वह एकदिन इसे मेरे पास ले आए। जिससे ली है, उसे देनी होगी, इसलिए वे मेरे बहुत कहने पर भी देने को तैयार नहीं हो रहे थे। जब मैंने जल्द–से–जल्द पढ़कर पुस्तक लौटा देने का वायदा किया तब उन्होंने वह पुस्तक मुझे बस 36 घंटे के लिए दी''। राजा राम शास्त्री ने जब पुस्तक वापस की तो भगत सिंह उनसे बोले– ''यदि तुम कुछ परिश्रम करने के लिए तैयार हो जाओ और थोड़ी मदद करने के लिए तैयार हो जाओ तो इस पुस्तक को गुप्त रूप से प्रकाशित करने का उपाय सोचा जाए।'' वीर सावरकर और सरदार भगत सिंह के इस बौद्धिक एवं क्रांतिकारी रिश्ते का एक और रोचक तथ्य है, जिसे छिपाया जाता रहा है। बुद्धिजीवियों का यह खेमा बार–बार यह तो बताता है कि भगत सिंह कम्युनिस्ट लेनिन की जीवनी पढ़ रहे थे। लेकिन यह नहीं बताते कि सरदार भगत सिंह जेल में बंद थे तब वीर सावरकर की पुस्तकें '1857 का स्वातंर्त्य समर' और 'हिन्दू पदपादशाही' भी पढ़ रहे थे। लाला लाजपत राय और रविन्द्रनाथ ठाकुर सहित अन्य लेखकों की पुस्तकें भी पढ़ रहे थे। भगत सिंह, वीर सावरकर की पुस्तक को न केवल पढ़ रहे थे, बल्कि उन्होंने 'हिन्दू पदपादशाही' से प्रेरणादायी नोट भी लिए थे। उन्होंने वीर सावरकर की पुस्तक से क्या नोट लिए, उसे आप भगत सिंह की जेल डायरी में पढ़ सकते हैं। अब यह पुस्तक हिन्दी में उपलब्ध है। ऑनलाइन खोजने पर भी आपको मिल जाएगी।भारत के पहले संगठित स्वतंत्रता संग्राम '1857 की क्रांति' पर लिखी गई पुस्तक को सिर्फ भगत सिंह ने ही नहीं, बल्कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस और रास बिहारी बोस ने भी आजाद हिंद फौज के सैनिकों को प्रेरित करने के लिए प्रकाशित कराया था। बहरहाल, कई बार प्रश्न आता है कि विनायक दामोदर सावरकर को वीर की संज्ञा किसने दी? उन बुद्धिजीवियों की खोज कहती है कि सावरकर के लिए 'वीर' विशेषण का उपयोग किसी ने नहीं किया। तब उन्हें एकबार फिर भगत सिंह का लिखा पढ़ना चाहिए। कलकत्ता से प्रकाशित साप्ताहिक 'मतवाला' के 15 और 22 नवंबर 1924 के अंकों में भगत सिंह के लेख प्रकाशित हैं। 'विश्व प्रेम' शीर्षक से प्रकाशित लेख में भगत सिंह कहते हैं– ''विश्व प्रेमी वह वीर है जिसे भीषण विप्लववादी, कट्टर अराजकतावादी कहने में हम लोग तनिक भी लज्जा नहीं समझते– वही वीर सावरकर। विश्व प्रेम की तरंग में आकर घास पर चलते–चलते रुक जाते कि कोमल घास पैरों तले मसली जायेगी।'' बलवंत सिंह के छद्म नाम से लिखे गए इस लेख में वीर सावरकर के लिए जिस प्रकार का भाव सरदार भगत सिंह का है, उसको पढ़कर शायद ही सावरकर के अपमान के लिए आतुर बुद्धिजीवियों को शर्म आए। एक और बात स्पष्ट समझ लीजिए कि सरदार भगत सिंह, सावरकर को 'वीर' उस समय संबोधित कर रहे हैं, जब इन बुद्धिजीवियों के अनुसार सावरकर अंग्रेजों से 'माफी' माँग कर कालापानी की सजा से मुक्त होकर रत्नागिरी में अंग्रेजों का सहयोग कर रहे हैं। याद रखें, उस समय वीर सावरकर पर अंग्रेजों ने कड़ी नजरबंदी कर रखी थी। उन्हें रत्नागिरी से बाहर जाने की अनुमति नहीं थी। इतना ही नहीं, कर्जन वायली को मौत के घाट उतारने वाले क्रांतिकारी मदनलाल ढींगरा और स्वातंर्त्यवीर सावरकर के संबंध में भगत सिंह लिखते हैं– ''स्वदेशी आंदोलन का असर इंग्लैंड तक भी पहुंचा और जाते ही श्री सावरकर ने 'इंडिया हाउस' नामक सभा खोल दी। मदनलाल भी उसके सदस्य बने।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## पूर्व विधायक बब्बू ने किया श्री बाल रामलीला मेला का फीता काटकर शुभारम्भ

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : श्री बाल रामलीला का पूर्व विधायक आसिफ खां बब्बू ने फीता काटकर उद्‌घाटन किया। श्री बाल रामलीला नाट्य कला मंदिर द्वारा मेला का शुभारम्भ सामूहिक आरती करके किया गया। पूर्व विधायक आसिफ खां बब्बू ने कहा कि हम सभी लोगों को रामलीला में निभाए जाने वाले किरदारों से सीख लेकर उसे अपने जीवन में उतारना चाहिए तथा रामलीला के माध्यम से हमे बुराई पर अच्छाई की जीत का सबक मिलता है। कहा कि हम सभी लोगों को अपने आपसी मतभेद भुलाकर समाज में समन्वय बनाए रखने का संदेश देना चाहिएऔर रामलीला के इस मंचन को सही तरह से आगे बढाने का कार्य करना चाहिए।कहा कि धर्म इंसान को इंसान बनाता है। धर्म इंसान की जिन्दगी में बुराइयों को मिटाकर अच्छाइयां लाता है। उन्होंने कहा धार्मिक कार्यक्रमों से परस्पर सौहार्द का वातावरण बनता है। यह स्थान हमारे लिए वह पवित्र स्थल है जहां हम हम बचपन से आते रहे हैं। इस जगह से हमें अपने बचपन से वहुत लगाव है। यही जो सामने स्कूल है, यहीं पर हम पढ़े हैं और इसी मैदान में खेले हैं। यहीं के माहौल में हम बड़े हुए हैं। जब हम 95 में चेयरमैन हुए तो हमने सबसे पहले यहाँ की रामलीला के लिए मैदान को ठीक किया। उसके बाद मंच बनवाने के साथ ही लाइटों इत्यादि की समुचित व्यवस्थाएं करवाई। मैंने इसमें किसी पर कोई एहसान नहीं किया बल्कि यह हमारी सोच थी और हमने अपनी सोच के बलबूते पर धार्मिक स्थलों का सौंदर्यीकरण करवाया है। इंसान की सोच अच्छी होनी चाहिए। बिना सोच के यह सब नहीं हो सकता। हमारा देश, हमारा शहर हमारा समाज सबकुछ आपसी भाईचारे की मिसाल है। हम इंसान हैं तो हमारे अन्दर इंसानियत होना जरूरी है। बिना इंसानियत के जिन्दगी में हम अवाम के लिए कहीं कुछ नहीं कर सकते। उन्होंने कहा हम तहेदिल से राम को आदर्श मानते हैं। राम के कैरेक्टर



से हम वहुत कुछ सीखते हैं। महापुरुषों के आदर्शों से हमारी सोच डब्लप होती है। महापुरुषों के आदर्शों से हम कितना कुछ सीख सकते हैं। इस पर कभी विचार नहीं करते। और न हम कभी सीखने की कोशिश करते हैं। महापुरूषों के करेक्टर को हम लोग पढ़ते नहीं और अगर पढ़ते हैं तो उस पर अमल नहीं करते। महापुरुषों के करेक्टर को पढ़ने और उनके करेक्टर पर अमल करने से हमारी जिन्दगी बदल जाती है। हमारे अन्दर से बुराइयां खत्म हो जाती हैं।

शाहाबाद चौक के रामलीला मंच से उन्होंने राम के आदर्शों को खुले दिल से स्वीकार किया और कहा कि राम के आदर्शों से हमें बेहतरीन जिन्दगी की दिशा और दशा मिलती है। उनके आदर्शों से हमारी जीवन शैली में बड़ा बदलाव आता है। हमारी सोच डेवलप होती है। जिससे हम अपने घर परिवार से लेकर समाज तक उच्चकोटि का समन्वय स्थापित कर सकते हैं। जनकल्याण समिति के अध्यक्ष डॉ मुरारी लाल गुप्ता ने कहा कि मेला भारतीय संस्कृति में सामाजिक एकता अखंडता के प्रतीक हैं। शिव सत्संग मण्डल के केन्द्रीय संयोजक अम्बरीष कुमार सक्सेना ने प्रेरणादाई गीत '' चल रे चल,प्रभु की शरण चल रे'' सुनाते हुए सभी से सत्य की राह पर चलने का आग्रह किया। मंच के माध्यम से राम लीला का मंचन किया गया । इस मौके पर मुरारी शंकर श्रीवास्तव,सरंक्षक, डॉक्टर मुरारी लाल गुप्ता,नलिन गुप्ता डब्लू, शिवशरण वर्मा,व राजेश वर्मा,धीरू अवस्थी,वासु वर्मा,सरेज गुप्ता,भगवान शरण वर्मा, दिनेश सैनी ,श्रीकांत दीक्षित,राधेश्याम दीक्षित,शुभम बाजपेई,राजेश गुप्ता,अमित गुप्ता, डॉ मनीष शर्मा सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।

## कॉलेज लेवल मोबिलाइजेशन आफ स्टूडेंट्स चित्रकला प्रतियोगिता संपन्न

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : फसल अवशेष प्रबंधन स्कूल लेबल मोबिलाइजेशन आफ स्टूडेंट्स योजना के अंतर्गत आज दिनांक 13 अक्टूबर 2021 को विकासखंड–बावन के नरायन पब्लिक इंटर कॉलेज, जगदीशपुर, बावन में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें स्कूल के छात्रों एवं छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया । इस कार्यक्रम के इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक एवं पूर्व विधायक श्री अनिल वर्मा द्वारा छात्र और छात्राओं को फसल अवशेष प्रबंधन का सन्देश गावों और पास के गावों तक पहुचाने की अपील की।इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सुश्री प्रिया त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को फसल अवशेष प्रबंधन चित्रकला प्रतियोगिता मे भाग लेने हेतु उत्साह बढाया एवं भविष्य मे भी इस प्रकार के कार्यक्रम मे भाग लेंने हेतु जोर दिया। कृषि विज्ञान केंद्र हरदोई के वैज्ञानिक एवं कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ डी बी सिंह ने फसल अवशेष प्रबंधन को आज के लिये जरूरी बताया तथा बच्चों को भी फसल अवशेष प्रबंधन की जानकारी को गावों मे जन जन तक पहुचाने के लिये कहा तथा चित्रकला प्रतियोगिता के बारे में भी विस्तार पूर्वक विद्यार्थियों को बताया। वैज्ञानिक डॉ दीपक कुमार मिश्र ने बताया कि फसल अवशेष का प्रबंधन करके हम पर्यावरण एवं भूमि दोनो को बेहतर बना सकते हैं । उन्होने डिकमपोसर की प्रयोग विधि बताते हुए फसल अवशेष से जैविक खाद बनाने की विधियों के बारे मे विस्तार से छात्रों को बताया और कहा की इस प्रकार हम मिट्टी की सेहत को बेहतर बना सकते हैं। इस अवसर पर प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राची शर्मा द्वितीय निधि सिंहएवं तृतीय स्थान खुशबू





रस्तोगी को गोल्ड मेडल सिल्वर मेडल ब्रोंज मेडल के साथ में प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया एवं सांत्वना पुरस्कार साक्षी सिंह प्रियांशी एवं देश दीपक को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल के विद्यालय के अन्य शिक्षक गण मौजूद थे। कार्यक्रम में लगभग 100 से ज्यादा छात्राओं ने प्रतिभाग किया।


गोरखपुर खजनी विधानसभा क्षेत्र मा0 विधायक संत प्रसाद की तरफ से समस्त प्रदेश एवं क्षेत्रवासियों को दशहरा दीपावली एवं डाला छठ की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाए



आप सभी देशवासियों को दशहरा दीपावली और छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएँ



–अंकित त्रिपाठी
मे0 मां गायत्री मेडिसिन सेंटर गोला, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश

समस्त देशवासियों को दशहरा दीपावली एवं डाला छठ की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई





–कृष्णा गौड़ (समाज सेवी) एवं के के पैथ लैब गोला बाजार, जनपद गोरखपुर उ0प्र0

आप सभी देशवासियों को दशहरा दीपावली और छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई एवं आने वाला वर्ष खुशियों से भरा हो



–डॉ.डीपीएन शुक्ला
जनपद गोरखपुर उत्तर प्रदेश

आप सभी देशवासियों को दशहरा दीपावली और छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई

–डॉ विवेक मिश्र (BHMS) ,
श्री गोरखा होमियोपैथी सेन्टर जनपद गोरखपुर उत्तर प्रदेश




## ममता एच.आई.एम.सी. द्वारा ए. ई.एस. कार्यक्रम पर वेबिनार का आयोजन संपन्न

आर एल पाण्डेय लखनऊ। ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एण्ड चाइल्ड एवं पाथ संस्था के संयुक्त सहयोग से एक्यूट इंसेफ्लाइटिस सिंड्रोम (ए. ई.एस.) पर बाल रोग विशेषज्ञ / आई.ए.पी.,आई.एम.ए. एवं स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों के साथ वर्चुअल मीटिंग/ वेबिनार का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य एक्यूट इंसेफ्लाइटिस सिंड्रोम के रोगियों की शीघ्र पहचान, प्रबंधन, समय पर रेफरल एवं अधिसूचना में निजी स्वास्थ्य सुविधाओं (निजी स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं) धचिकित्सकों का पूरा समर्थन प्राप्त कर कार्यक्रम को सुदृढ़ बनाना है। यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश के 18 जनपदों में आई.ए.पी. , आई.एम.ए., एन.आई.एम.ए. एवं स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर चलाया जा रहा है। वेबिनार का आरम्भ डॉक्टर काजी नजमुददीन (उप राज्य टीम लीडर, ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड उत्तर प्रदेश) के स्वागत संबोधन से किया गया तत्पश्चात कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत डॉ रतन कुमार श्रीवास्तव (डिप्टी डायरेक्टर एवं पूर्व प्रोफेसर आइ.एम. एस.– बी.एच.यू.) के वक्तव्य द्वारा की गई उन्होंने सभी का आवाहन किया कि ए. ई.एस. कार्यक्रम एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है और सभी के संयुक्त सहयोग से ही इसे सुदृढ़ बनाया जा सकता है तथा रोगियों की समय पर सहायता की जा सकती है। एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम (ए.ई.एस.) पर इस वेबिनार में चर्चा चार चरणों में पूरी की गई ।पहले चरण में डॉक्टर अर्पित पटनायक (स्टेट लीड–एन. टी.डी. पाथ संस्था) ने उत्तर प्रदेश में ए. ई.एस. कार्यक्रम की





रूपरेखा तथा स्थिति से प्रतिभागियों को अवगत कराया ।दूसरे चरण में डॉक्टर तरूणा ने ए. ई.एस. परियोजना की गतिविधियों एवं उपलब्धियों पर चर्चा की। तीसरे चरण में डॉक्टर शिवम शिंदे (पाथ) एवं डॉ राहुल काम्बले (पाथ) ने उत्तर प्रदेश में ए.ई.एस. के रोकथाम तथा प्रबंधन की रणनीति में सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की भागीदारी और सहयोग पर प्रकाश डाला। चौथे एवं अंतिम चरण में विशेषज्ञों के पैनल ने विभिन्न मुद्दों पर अपनी राय रखी, जिसमें विशेष रुप से श्री अंगद सिंह–जिला मलेरिया अधिकारी, गोरखपुर, डॉक्टर अखिलेश प्रताप शाही–आई.ए.पी. प्रेसिडेंट गोरखपुर, डॉ मिलिंद वर्धन ए.सी.एम.ओ. एवं डी. एस. ओ. स्वास्थ्य विभाग, लखनऊ, डॉ अजय कुमार– आई.ए.पी. प्रेसिडेंट, लखनऊ, डॉक्टर रमेश चन्द्रा कंसल्टेंट वेक्टर बार्न डिजीज, स्वास्थ्य मंत्रालय भारत सरकार एवं डॉक्टर शौकत कमाल ज्वाइंट डायरेक्टर, स्वास्थ्य मंत्रालय भारत सरकार ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन डॉ तरूणा गांधी ने किया तकनीकी सहयोग ऋषि गर्ग एवं श्रीमती नमिता श्रीवास्तव ने किया।

## संजीव यादव ने एस डी एम बल्दीराय का ग्रहण किया पद भार

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : 2015 बैच के पीसीयस संजीव यादव ने बल्दीराय उपजिलाधिकारी का चार्ज लेने के पहले ही दिन , कोर्ट पर बैठकर , अपनी जिम्मेदारी का बोध कराते हुए ,आम जनमानस के बीच एक सकारात्मक सन्देश दिया । तहसीलक्षेत्र में जनता की समस्याएं जहां मुहबाये तहसील कर्मियों को मुंह चिढ़ा रही हैं तो वहीं अब आमजनता को , नए उपजिलाधिकारी से न्यायोचित दायित्यों के प्रति उम्मीद जगी है। 13 अक्टूबर शारदीय नौरात्रि के अष्टमी तिथि को ,बल्दीराय उपजिलाधिकारी का चार्ज लेने के पहले दिन ,संजीव यादव अपने जिम्मेदारी के प्रति सजग दिखे । तहसील कर्मियों से मिलने के बाद ,उन्होंने बताया कि शासन के मंशानुरूप ,जनसमास्याओं का न्यायोचित समाधान ही उनकी प्राथमिकता होगी । तहसील क्षेत्र में जनसमास्याओं को नजरअंदाज करने वाले कर्मियों पर पैनी नजर रहेगी । नए उपजिलाधिकारी को बड़ी चुनौती होगी भू माफियाओं की खुली चुनौती। बल्दीराय तहसीलक्षेत्र में सरकारी जमीनों पर बड़ी तादाद में ,भूमाफियों अथवा उनके टट्टुओं द्वारा अवैध कब्जा किया गया है और आज भी जारी है । बेअदब भूमाफियाओं का तालाबी नम्बरों , झीलों ,खलिहान ,इमारती लकड़ीबन , जंगलझाडी , चरागाहों आदि पर निरन्तर बढ़ते अवैध



अतिक्रमण , तहसील प्रशासन के लिए खुली चुनौती बने हैं। तहसील के निचले तंत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार भी होगी बड़ी चुनौती। शासन की मंशा को दर किनार करते हुए कुछ कानूनगो ,लेखपालों की कार्यशैली से यहां के फरियादी निराशा के शिकार होते जा रहे हैं । जोकि चिंता जनक है।उच्चधिकारियों कि आंखों में धूल झोंकने में माहिर इन कर्मियों की कार्यशैली भी नवागत उपजिलाधिकारी के लिए सबसे बड़ी चुनौती होगी ।देखना यह है कि नवागत डिप्टीकलेक्टर बल्दीराय ,तहसीलक्षेत्र के जनता की मूलभूत समस्याओं ,एवम सरकारी सम्पत्तियों पर कुंडली जमाये भू माफियाओं पर किस स्तर तक अंकुश लगा पाते हैं ?.

## मनाया गया अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : रोटरी क्लब द्वारा अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस 11 अक्टूबर को 'करुणाश्रय चिकित्सालय' तथा 'जिला चिकित्सालय' में बालिका शिशु को बेबी किट देकर शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल व सुखी जीवन की कामना की। कार्यक्रम में रोटरी क्लब ट्रांसगोमती के अध्यक्ष जी पी सिंह, सचिव शैलेंद्र चतुर्वेदी, सुप्रसिद्ध फिजिशियन रो डॉ पवन सिंह, रो मनोज गुप्ता, रो संदीप अग्रवाल द्वारा करुणाशय और जिला अस्पताल में नवजात बालिका शिशुओं को बेबी किट प्रदान किया गया। दोनो ही अस्पताल में प्रशासनिक और चिकित्सीय स्टॉफ ने किट वितरण कार्य में सहयोग किया। अध्यक्ष जी पी सिंह ने बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए रोटरी के कार्यों की चर्चा की। डॉ पवन सिंह ने बालिका शिशुओं की साफ सफाई व्यवस्था और मां के दूध की महत्व को समझाया। सचिव शैलेंद्र चतुर्वेदी ने अंतराष्ट्रीय बालिका दिवस की सभी को शुभकामनाएं दी और सभी के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। रो मनोज गुप्ता ने रोटरी क्लब सुल्तानपुर ट्रांसगोमती की तरफ से हॉस्पिटल परिवार को हमेशा सहयोग का आश्वासन दिया।

## 15 अक्टूबर को सोहावल सहित जिले भर की दुर्गा प्रतिमाओं का होगा विसर्जन

अयोध्या संवाददाता डॉ. अजय कुमार तिवारी : आप सभी लोग अपने–अपने क्षेत्रों की समितियों को उनके संदर्भित विसर्जन घाटों पर कोविड–19 के गाइड लाइन के अनुपालन करते हुए मां का की प्रतिमाओं का विसर्जन सुनिश्चित कराईए । आज शुभम हॉट सुभाष नगर में आयोजित केंद्रीय दुर्गा पूजा एवं राम लीला समन्वय समिति जनपद अयोध्या की एक महत्वपूर्ण बैठक ग्रामीण क्षेत्रों के दूरदराज से आए केंद्रीय समिति के पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने आगे कहा कि आप सभी लोग अपने–अपने क्षेत्रीय केंद्रीय समिति के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ ही साथ कुछ सहयोगी पदाधिकारियों को भी विसर्जन घाट का दायित्व सौंपे , जैसा कि आप सभी को यह विदित है कि आने वाली 15 तारीख को नगर के निर्मली कुंड अयोध्या के नयाघाट , रुदौली के कामाख्या घाट, रीच घाट , कैथी घाट, सोहावल क्षेत्र के ढेमुआ घाट, कलाफर घाट एवं भदरसा क्षेत्र के भरतकुंड पर विसर्जन का कार्यक्रम होना है। प्रमुख संरक्षक विजय गुप्ता ने कहा कि प्रत्येक पूजा पंडाल पर हर समय एक जिम्मेदार पदाधिकारी अवश्य उपस्थित रहे और कोविड 19 दिशा निर्देशों को प्रसारित करते रहे. बैठक का संचालन केंद्रीय समिति के गगन जायसवाल ने किया । बैठक में अपने क्षेत्र की समस्या रखते हुए अनिल कुमार मिश्रा एडवोकेट ने कहा केंद्रीय समिति के सुझाए गए कुछ कार्य रुदौली क्षेत्र में आप सभी के सहयोग से उत्सव अच्छे ढंग से मनाया जा रहा है जिसके लिए हमारे जिला के पदाधिकारी धन्यवाद के पात्र हैं ,वही बैठक में अपनी बात रखते हुए महंत धनुषधारी शुक्ल ने कहा प्रशासन इस विषय का अवश्य ध्यान रखें कि पूरे जनपद में किसी भी तरह विद्युत की कोई भी कटौती ना होने पाए । सोहावल के अनिल गुप्ता ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था और भी चुस्त–दुरुस्त होनी चाहिए। वही बैठक को संबोधित करते हुए भदरसा के भगवती प्रसाद दयालु ने कहा विसर्जन स्थल पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था होना आवश्यक है, हम जिससे कई तरह के असुविधा से बचा जा सकता है बैठक को केंद्रीय समिति के केशव बिगुलर, सुप्रीत कपूर प्रमोद जायसवाल एवं ध्रुव गुप्ता ने भी संबोधित किया । बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार जहां नगर के निकट निर्मली कुंड पर विसर्जन का कार्य गगन जायसवाल के नेतृत्व में रोहिताश्व चंद्र राजू , रवि कांत आर्य, संजय श्रीवास्तव एवं रोहित अग्रवाल अपने साथियों सहित देखेंगे वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में विसर्जन कार्य अयोध्या के नयाघाट पर महंत धनुषधारी शुक्ला के साथ नंद कुमार मिश्रा उर्फ पेड़ा महाराज एवं अध्यक्ष रमापति पांडे अपने साथियों सहित देखेंगे, वही रुदौली क्षेत्र के कामाख्या घाट पर डॉ पवन सिंह तथा रीच घाट पर अनिल मिश्रा एवं दुर्गेश चंद्र श्रीवास्तव व कैथी घाट पर राजेंद्र चौरसिया एवं प्रदीप तिवारी तथा सोहावल क्षेत्र में ढेमवा घाट पर अनिल गुप्ता एवं रामचेत यादव व कलाफर घाट पर सहदेव यादव तथा भदरसा के भरतकुंड पर भगवती प्रसाद दयालु अपने–अपने सहयोगीयों के साथ मां की प्रतिमाओं का विसर्जन करेंगे। बैठक में प्रमुख रूप से हेमंत गुप्ता, अशोक कुमार गुप्ता, दुर्गेश चंद्र श्रीवास्तव, अशोक अग्रहरि, अश्वनी सिंह एवं राधेश्याम यादव उपस्थित रहे।

## वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला कारागार, जौनपुर का वर्चुअल निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन सम्पन्न

जौनपुर सू.वि. : उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जौनपुर एम0पी0 सिंह के संरक्षण एवं अनुमति से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्ववाधान में बन्दियों को विधिक जानकारी प्रदान कराने हेतु सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर श्रीमती शिवानी रावत की अध्यक्षता में 13 अक्टूबर 2021 को समय अपराह्न 12:30 बजे वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला कारागार, जौनपुर का वर्चुअल निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शिवानी रावत द्वारा नालसा की योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान कराते हुए बताया गया कि ऐसे गरीब, असहाय वर्ग के बन्दी जो धन के अभाव में अपने वादों की पैरवी हेतु वकील कर पाने में असमर्थ हो वह जेल में स्थापित लीगल एड क्लीनिक अथवा कारागार अधीक्षक के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निःशुल्क अधिवक्ता प्राप्त कर सकते हैं। जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि ऐसे बन्दियों को चिन्हित कर उनके प्रार्थना पत्र प्रेषित कराना सुनिश्चित करें। सजा पाये बन्दियों को समय से पूर्व रिहाई की जानकारी दी गयी, डिप्टी जेलर द्वारा बताया गया शासन द्वारा नियम संशोधित हो जाने के कारण समय पूर्व रिहाई के पात्र बन्दी नहीं हैं। इसके साथ ही सचिव द्वारा अधीक्षक जिला कारागार को ऐसे योग्य बन्दियों जो समय पूर्व रिहाई के पात्र हो उनको चिन्हित कर प्रार्थना पत्र सम्बन्धित को प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 436ए के लाभ के पात्र बन्दियों के संबंध में पूँछे जाने पर बताया गया कि इससे सम्बन्धित प्रार्थना पत्र न्यायालयों को प्रेषित कर दिये गये है। सचिव द्वारा गिरफ्तार



व्यक्तियों के अधिकारों के बारे में बताया गया कि पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने की स्थिति में गिरफ्तारी के कारण की सूचना देना तथा जमानतीय प्रकृति के आरोप में पुलिस द्वारा तत्काल जामानत का प्रावधान व गैर–जमानतीय प्रकृति के आरोप में 24 घण्टे के भीतर मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत करना अनिवार्य है तथा गिरफ्तारी या निरूद्ध करने की सूचना आपके परिवारजन या निकटतम मित्र को लिखित में देना आवश्यक है। हिरासत के दौरान आपकी पसन्द के अधिवक्ता से विधिक राय हेतु मिलने या सलाह का अधिकार व गिरफ्तारी के पश्चात चिकित्सीय परीक्षण करवाने का अधिकार प्राप्त है। डिप्टी जेलर द्वारा बताया गया कि जिला कारागार में कुल 1141 बन्दी है जिसमे 1072 पुरूष तथा 63 महिला बन्दी है, तथा महिला बन्दियों के साथ 15 बच्चे हैं। जेल अस्पताल में 25 बन्दी हैं, कोई भी गम्भीर रूप से बीमार नहीं है और न तो कोई मानसिक रूप से बीमार है तथा बताया गया कि 1000 बन्दियों को वैक्सीन की प्रथम एवं द्वितीय डोज दी जा चुकी है। महिला बन्दियों के साथ रह रहे बच्चों के नाश्ता, भोजन, पढ़ाई आदि की उपलब्धता के सम्बन्ध में पूछे जाने पर महिला बन्दियों द्वारा बताया गया कि बच्चों को समय से नाश्ता एवं भोजन उपलब्ध कराया जाता है किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। सचिव द्वारा बताया गया कि जेल में निरूद्ध बन्दियों के परिजन जेल प्रशासन को 72 घण्टे के अंदर आरटीपीसी आर जॉच रिपोर्ट दिखाकर जेल में निरूद्ध अपने परिजन बन्दी से मुलाकात कर सकेगे। इस अवसर पर डिप्टी जेलर सुनील दत्त मिश्रा, जेल पीएलवी गण दीपक, सुरेन्द्र, विमल, विकास व त्रिभुवन यादव तथा अन्य बंदी उपस्थित रहे।

## केयर डेंटल स्पेशियलिटी सेंटर रूहट्टा में महिलाओं व बच्चियों के स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेन्स कं.लि. व केयर डेण्टल स्पेशियलिटी सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में महिलाओं व बच्चियों के स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम केयर डेंटल स्पेशियलिटी सेंटर रूहट्टा में आयोजित किया गया। जिसमें वरिष्ठ स्त्री प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा.प्रीति राजन (एम.बी.बी.एस.एमडी) ने कहा ज्यादातर महिलाएं परिवार व बच्चों की जिम्मेदारी निभाने में स्वयं अपना ख्याल नहीं रख पाती ।महिलाओं व बच्चियों में हर उम्र में अक्सर मासिक को लेकर समस्याएं रहती है, 30 वर्ष के बाद हार्मोनल बदलाव बहुत तेजी से होते हैं, जिससे कमर दर्द, पिंडलियों में दर्द ,थकान, कमजोरी सांयकाल होते होते शरीर थक जाना, हड्डियों में दर्द, पैर के तालू में जलन दर्द, घबराहट, चिड़चिड़ापन, एनीमिया, थायराइड आदि बिमारियां होती है। महिलाओं को समय से सही खान–पान में हरी सब्जियां,फल व दूध का सेवन करना चाहिए साथ में योग–ध्यान भी करना चाहिए। अपने फीजिशियन के सम्पर्क में रहें। और




अपनी बीमारियों को निसंकोच बताए जिससे समय से सही उपचार हो सके। इसी क्रम में वरिष्ठ मुख एंव दंत रोग विशेषज्ञ डा.तुलिका मौर्या ने दांतों में होने वाली समस्याओं और उसका निदान पर सचित्र वर्णन किया और ब्रश करने के सही तरीकों को भी बताया। कार्यक्रम संयोजक सीनियर सेल्स मैनेजर विक्रम कुमार गुप्त ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर डा.अंजना सिंह, सविता गुप्ता, रंजना सिंह, अर्चना त्रिपाठी, शिल्पा जायसवाल, लक्ष्मी कुमारी, शिवांशी, शाल्वी, श्रद्धा डा.गौरव प्रकाश मौर्या, डा.जे.पी.सिंह, रमेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

## दीपावली से पहले वाराणसी आ रहे पीएम मोदी देंगे पांच हजार करोड़ की सौगात, 32 परियोजनाओं को करेंगे लोकार्पित

वाराणसी ब्यूरो : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 अक्तूबर के प्रस्तावित वाराणसी दौरे में काशीवासियों को पांच हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की 32 परियोजनाओं की सौगात देंगे। पीएम के हाथों लोकार्पित होने वाली परियोजनाओं की सूची तैयार ली गई है और शिलान्यास वाली परियोजनाओं पर मंथन जारी है। प्रधानमंत्री सुबह करीब 11 बजे ही वाराणसी पहुंचेंगे और दोपहर बाद सिद्धार्थनगर में प्रस्तावित कार्यक्रम में शामिल होंगे। दीपावली से ठीक पहले वाराणसी दौरे पर 25 अक्तूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करीब ढाई घंटे रुकेंगे। इस दौरान वे पांच हजार 233 करोड़ 87 लाख रुपये की परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम में पीएम मोदी बाबतपुर एयरपोर्ट से सीधे रिंग रोड किनारे स्थित जनसभा स्थल पर जाएंगे और वहां परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास के बाद जनसभा को संबोधित करेंगे। यहां से ही वे सिद्धार्थनगर चले जाएंगे।रिंग रोड समेत इन परियोजनाओं का लोकार्पण। प्रस्तावित दौरे में सबसे बड़ी सौगात 3509.14 करोड़ रुपये की वाराणसी–गोरखपुर एनएच–29 के दूसरे पैकेज की होगी। इसके अलावा 1011.29 करोड़ रुपये की रिंग रोड शहर की यातायात व्यवस्था के लिए संजीवनी साबित होगी। इसके अलावा शहर में तीन मल्टीलेवल पार्किंग, शहंशाहपुर में तैयार बायोगैस प्लांट, कोनियाघाट पुल, कालिकाधाम पुल, वाराणसी कैंट पड़ाव रोड सहित 32 परियोजनाओं को लोकार्पित करेंगे। पीएम मोदी की रैली की जगह आज हो सकती है तय। वाराणसी के जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा ने बुधवार को पीएम मोदी की प्रस्तावित जनसभा स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान परमपुर, भड़ाव और संदहा का निरीक्षण किया और यहां हेलीपैड आदि निर्माण पर भी चर्चा की। माना जा रहा है कि बृहस्पतिवार शाम तक जनसभा स्थल पर निर्णय कर लिया जाएगा। मेंहदीगंज में भी सभास्थल पर विचार। पीएम मोदी की जनसभा के लिए बुधवार को एसडीएम राजातालाब और भाजपा का प्रतिनिधिमंडल मेहंदीगंज स्थित स्थल को देखने पहुंचा। जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा ने बताया कि रिंग रोड के पास स्थित मेहंदीगंज में सभा स्थल के लिए ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शकील अहमद को भी मौके पर बुलाकर मंत्रणा की गई। लेकिन अभी तक प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थल के लिए अंतिम निर्णय नहीं हो पाया है। हालांकि प्रधानमंत्री कार्यालय को सभी विकल्पों से अवगत करा दिया गया है। पीएम के हाथों लोकार्पित होनी वाली परियोजनाएं। 4.96 करोड़ रुपये मंडी परिषद में पेस्टिसाइड लैब सहित अन्य विकास कार्य, 1.70 करोड़ रुपये में आराजी लाइन में बायोगैस प्लांट पर एग्रीकल्चर फार्म व अन्य कार्य, 23 करोड़ रुपय में शहंशाहपुर स्थित बायोगैस प्लांट, 2.75 करोड़ रुपये में आईटीआई करौंदी में आवासीय भवन, 28.78 करोड़ रुपये में बीएचयू गर्ल्स हास्टल में 200 रुम, 27.82 करोड़ रुपये में बीएचयू के राजपूताना ग्राउंड में स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर, 70 करोड़ रुपये में बीएचयू में धनराजगिरी ब्यायज ब्लाक हास्टल ब्लाक, 40 करोड़ रुपये में बीएचयू में रेजीडेंसियल अपार्टमेंट, 6.60 करोड़ रुपये में पलही पट्टी में विज्ञान व वाणिज्य संकाय विभाग की स्थापना, 6.41 करोड़ रुपये में 50 बेड एकीकृत अस्पताल भद्रासी, 26.21 करोड़ रुपये में कोनियाघाट का यमुना पर पुल निर्माण, 19.14 करोड़ रुपये में दो लेन का कालिकाधाम पुल, 18.66 करोड़ रुपये में वाराणसी कैंट से पड़ाव मार्ग, 10.85 करोड़ रुपये में चांदपुर आस्थान में सड़क और सीवर का काम, 3509.14 करोड़ रुपये में वाराणसी गोरखपुर एनएच–29 का पैकेज–2, 1011.29 करोड़ रुपये में रिंग रोड–2 का पैकेज –1, 72. 91 करोड़ रुपये में 10 एमएलसडी क्षमता की रामनगर एसटीपी, 201.65 करोड़ रुपये में वरुणा का तट सौंदर्यीकरण और चौनलाइजेशन, 15.80 करोड़ रुपये में गंगा गोमती के कैथी संगम तक का सौंदर्यीकरण, 10.78 करोड़ रुपये में गोदौलिया से दशाश्वमेध घाट का सौंदर्यीकरण, 2.02 करोड़ रुपये में दशाश्वमेध से मुंशी घाट तक सौंदर्यीकरण, 1.68 करोड़ रुपये में शूल टंकेश्वर घाट पर पर्यटन विकास, 26.77 करोड़ रुपये में सर्किट हाउस पर अंडरग्राउंड पार्किंग, 23.31 करोड़ रुपये में टाउन हाल पार्किंग और पार्क, 13.53 करोड़ रुपये में राजमंदिर वार्ड का पुनरोद्धार, 16.22 करोड़ रुपये में दशाश्वमेध वार्ड का पुनरोद्धार, 12.65 करोड़ रुपये में जंगमबाड़ी वार्ड का पुनरोद्धार, 16.97 करोड़ रुपये में शहर के आठ कुंडों का सौंदर्यीकरण, 2.59 करोड़ रुपये में चकरा तालाब का विकास व सौंदर्यीकरण, 6.94 करोड़ रुपये में पद्मविभूषण गिरिजा देवी मल्टीपरपज हाल का उच्चीकरण, 2.74 करोड़ रुपये में राजघाट से मालवीय पुल तक पर्यटन विकास, कमिश्नर ने पूर्ण हो रही परियोजनाओं की समीक्षा कीकमिश्नर दीपक अग्रवाल ने बुधवार को आयुक्त सभागार में पूरी हो चुकी प्रमुख बड़ी परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने एक–एक कर सभी परियोजनाओं के बारे में विस्तार से पूछताछ की। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वरिष्ठ अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर परियोजना का निरीक्षण कर ले। यदि कहीं कोई छोटी–मोटी कमी दिखे, तो तत्काल दुरुस्त कराएं।

## नवमी को झुग्गी क्षेत्र में स्टील की प्लेट के साथ दी गई खाद्य सामग्री

आर एल पाण्डेय लखनऊ। नवमी के अवसर पर बंदना पीस फाउंडेशन द्वारा रतन खण्ड रायबरेली रोड, लखनऊ के झुग्गी क्षेत्र में पूड़ी, सब्जी, केला और टॉफियां वितरण किया गया एवं उन्हें एक स्टील




की प्लेट भी दी गई। कार्यक्रम में संदीप नेचुरोपैथी हॉस्पिटल की डॉ कल्पना सिंह, डॉ शिवानी सिंह ने खाद्य सामग्री वितरण की और स्वास्थ्य के बारे मे जानकारी दी। एमबीएस जौहरी और बंदना पीस फाउंडेशन के अध्यक्ष अमरजीत सिंह मौजूद थे।

## पूनम श्रीवास्तव महिला शाखा की बनी जिला संगठन सचिव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अखिल भारतीय कायस्थ महासभा महिला शाखा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती अल्पना श्रीवास्तव व महासभा के जिलाध्यक्ष नीलमणी श्रीवास्तव जी के निर्देश पर चल रहे सदस्यता अभियान के अंतर्गत आज महासभा के वरिष्ठ संरक्षक रहे स्व महेंद्र नाथ श्रीवास्तव जौनपुर मेडिकल हाल की पत्नी श्रीमती पूनम




श्रीवास्तव जी को सदस्यता ग्रहण कराया गया और महिला शाखा की जिलाध्यक्ष डॉ प्रतिमा श्रीवास्तव ने श्रीमती पूनम श्रीवास्तव को जिला संगठन सचिव पद पर मनोनीत किया और कहाँ की ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को जोड़कर महासभा को और मजबूत किया जायेगा। जिलाध्यक्ष नीलमणी श्रीवास्तव ने कहा कि मातृशक्ति के जुड़ने से महासभा और मजबूत होगी जिले की महिला टीम एक सराहनीय कार्य कर रही हैं। संचालन करते हुए महिला शाखा की जिला महामंत्री प्रियंका श्रीवास्तव खुशबू ने कहा कि कायस्थ महासभा के महिला शाखा का विस्तार हर तहसील क्षेत्र में मजबूती से किया जायेगा और जो महिला सामाजिक जीवन में आगे बढ़ रही है उनका सम्मान भी किया जायेगा।उक्त अवसर पर जिला उपाध्यक्ष प्रियंका श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष श्रीमती ममता श्रीवास्तव वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष पूनम श्रीवास्तव वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष इंदु श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष निशा श्रीवास्तव जिला सचिव पूजा श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रही।

## धूमधाम से मनाई गयी जयप्रकाश नारायण जी की जयंती

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : राष्ट्रीय कायस्थ एकता मंच परिवार जनपद – जौनपुर , उत्तर प्रदेश,के तत्वावधान में को आदरणीय जयप्रकाश नारायण जी की जयंती नगर अध्यक्ष, जौनपुर महोदय के



आवास पर धूमधाम से मनाई गयी । इस शुभ अवसर पर माननीय राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री दिनेश चन्द्र श्रीवास्तव,राष्ट्रीय महासचिव,महिला मोर्चा श्रीमती जया श्रीवास्तव,नगर अध्यक्ष श्री दयाशंकर निगम,नगर महासचिव श्री अमित कुमार निगम जी ने आदरणीय श्री जयप्रकाश नारायण जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सदस्य श्री सिद्धार्थ श्रीवास्तव, सदस्य श्री ब्रम्ह कुमार निगम,सदस्य श्री रवि प्रकाश निगम,सदस्य श्रीमती प्रेमशीला निगम,सदस्य श्रीमती शालिनी श्रीवास्तव, सदस्य कुमारी खुशबू निगम आदि सभी लोग उपस्थित रहे।

## मेडिकल एजेंसी का फीता काटकर किया उद्घाटन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नेवढ़िया थाना क्षेत्र के सीतम सराय बाजार में एस.एस.मेडिकल एजेंसी का उद्घाटन बुधवार को सरदार सेना के जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार पटेल ने फीता काटकर किया । जिलाध्यक्ष ने कहा कि मेडिकल एजेंसी खुलने से स्थानीय लोगों को काफी लाभ मिलेगा । अब यहां के लोगों को दवा के लिए इधर–उधर



भटकना नही पड़ेगा । उन्होंने कहा कि इस प्रकार की व्यवस्था सभी बाजारों में होना चाहिए ताकि लोगों को दवा के लिए किसी भी प्रकार की समस्या न उठाना पड़े । जब कभी किसी व्यक्ति का स्वास्थ्य खराब हो जाता है तो लोग यहां–वहां भटकते हैं लोगों के स्वास्थ्य को देखते हुए मेडिकल एजेंसी स्थापित किया गया है ।इस मौके पर डॉ तिलकधारी सिंह,सुरेन्द्र पटेल,डॉ नागेश्वर पटेल,संदीप जायसवाल,संकल्प पटेल,सोनू सरोज, शिव आसरे, अभिषेक कुमार,उमा आसरे, कमलेश कुमार पटेल, संजय पटेल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## अतीक अहमद सहित अन्य माफिया से जब्त जमीन पर पीडीए बनाने जा रहा फ्लैट, जारी किया गया टेंडर

प्रयागराज ब्यूरो : यूपी की योगी सरकार 2022 के विधानसभा चुनाव से पहले जनता से किए गए अपने एक और वायदे को पूरा करने की तैयारी कर रही है। सूबे में माफियाओं से खाली कराई गई सरकारी जमीनों पर गरीबों को सस्ते दामों पर आशियाने का सपना अब योगी सरकार पूरा करने जा रही है। उत्तर प्रदेश में इसकी शुरुआत संगमनगरी प्रयागराज से होने जा रही है। प्रयागराज में भूमाफिया घोषित हो चुके बाहुबली पूर्व सांसद अतीक अहमद के कब्जे से पिछले साल 13 सितंबर को खाली गई सरकारी जमीन पर योगी सरकार गरीबों के लिए आवास बनाने जा रही है। ऐसे में अगर सब कुछ ठीक ठाक रहा तो अगले डेढ़ साल में माफिया अतीक अहमद के कब्जे से खाली कराई गई बेशकीमती सरकारी जमीन पर बेघर गरीबों को सरकार सस्ते आवास देने का अपना वायदा पूरा कर लेगी। इसके लिए प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने टेंडर भी जारी कर दिए हैं और दीपावली के त्यौहार के पहले शहरी प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अफोर्डेबल हाउसिंग स्कीम का शिलान्यास कराने की भी तैयारी है। योगी आदित्यनाथ ने आवास बनाने का किया था एलान। यूपी में योगी सरकार बनने के पहले माफिया और बाहुबलियों से सरकारी जमीनें खाली कराने की कोई सोच भी नहीं सकता था, लेकिन योगी सरकार ने माफिया और बाहुबलियों के खिलाफ प्रदेश भर में न केवल अभियान चलाया, बल्कि उनके खिलाफ बड़ी कार्रवाई कर उनके अवैध साम्राज्य को भी नस्तेनाबूत कर दिया। प्रदेश के बड़े माफियाओं में पूर्वांचल के माफिया डान मुख्तार अंसारी, बाहुबली पूर्व सांसद अतीक अहमद, बाहुबली विधायक विजय मिश्रा और बाहुबली पूर्व ब्लाक प्रमुख दिलीप मिश्रा समेत दर्जनों कई ऐसे नाम हैं, जिनके खिलाफ योगी सरकार का बुलडोजर चला है। योगी सरकार ने इन माफिया के कब्जे न केवल सरकारी जमीनों को मुक्त कराया है, बल्कि उनके साम्राज्य और आतंक का भी नामोनिशान मिटा दिया है। इस बीच सीएम योगी ने 16 दिसंबर 2020 को प्रयागराज में इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं के सम्मेलन में ऐलान किया था कि माफिया के कब्जे से खाली कराई गई जमीनों पर गरीबों, वकीलों, शिक्षकों, व्यापारियों, पत्रकारों और दूसरे जरुरतमंदों को सस्ते दरों पर आवास मुहैया कराए जाएंगे। लूकरगंज में अतीक अहमद से खाली कराई गई थी 1731 वर्ग मीटर भूमि। सीएम योगी के इस आदेश पर अब अमल होना भी शुरु हो गया है। प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने लूकरगंज में बाहुबली अतीक अहमद के कब्जे से खाली कराई गई 1731 वर्ग मीटर करोड़ों की बेशकीमती जमीन पर प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के फ्लैट बनाने की तैयारी शुरु की है। इसके लिए पीडीए ने टेंडर भी कर दिए हैं। प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) के उपाध्यक्ष अरविंद चौहान के मुताबिक शासन की मंशा के अनुरुप माफिया अतीक अहमद के खाली कराई गई इस भूमि पर छह करोड़ की लागत से गरीबों के लिए 76 फ्लैट बनेंगे। एक फ्लैट की कीमत सात लाख होगी, लेकिन देना होगा साढ़े तीन लाख। एक फ्लैट का एरिया 34.09 वर्ग मीटर होगा और इसकी लागत करीब सात लाख रुपये होगी, लेकिन योजना में चयनित व्यक्ति को साढ़े तीन लाख ही देना होगा, जबकि साढ़े तीन लाख सरकार सब्सिडी देगी। पीडीए उपाध्यक्ष के मुताबिक मल्टी स्टोरी इस बिल्डिंग में सामुदायिक भवन, बच्चों के लिए पार्क जैसी सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। उनके मुताबिक 28 अक्तूबर को टेंडर खुलेगा और दीपावली के पहले इस योजना का शिलान्यास करा लिया जाएगा। पीडीए उपाध्यक्ष अरविंद चौहान के मुताबिक एक से डेढ़ साल में लोगों को आवास मुहैया करा दिए जाएंगे। वहीं प्रदेश सरकार द्वारा माफिया से खाली कराई गई जमीनों पर अर्फोर्डेबल हाउसिंग स्कीम के तहत गरीबों को आवास दिए जाने के सीएम योगी के फैसले का लोग भी स्वागत और समर्थन कर रहे हैं। लोगों का मानना है कि माफियाओं से जमीन खाली कराना ही किसी भी सरकार के लिए बेहद मुश्किल काम था, लेकिन योगी सरकार ने मजबूत और दृढ़ इच्छा शक्ति के बल पर न केवल इन जमीनों को अवैध कब्जे से मुक्त कराया है, बल्कि गरीबों को आवास बनाकर भी दे रही है, जो कि किसी सपने के सच होने जैसा ही लग रहा है। हांलाकि लोग योगी सरकार के इस कदम की सराहना तो कर ही रहे हैं, साथ ही सरकार को धन्यवाद भी दे रहे है।

## दशहरा पर होगा ट्रैफिक डायवर्जन, दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान वैकल्पिक मार्गों से होगा आवागमन

लखनऊ ब्यूरो : दशहरा पर शुक्रवार को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन शोभायात्रा के दौरान शहर में यातायात व्यवस्था बदली रहेगी। डीसीपी ट्रैफिक रईस अख्तर ने बताया कि शुक्रवार को दोपहर 12 बजे से कार्यक्रम की समाप्ति तक ट्रैफिक डायवर्जन लागू रहेगा। ऐसी रहेगी यातायात व्यवस्था – अयोध्या रोड से कैसरबाग जाने वाली रोडवेज बसें जीटीआई से गोमतीनगर की ओर मोड़ दी जाएंगी। वहां से समतामूलक, गांधी सेतु, संकल्प वाटिका, चिरैया झील, क्लार्क अवध के पीछे से कैसरबाग जा सकेंगी। कैसरबाग से इसी रास्ते से अयोध्या रोड जाएंगी। – सीतापुर रोड से कैसरबाग आने वाली बसें मड़ियांव, पुरनिया, डालीगंज रेलवे क्रॉसिंग, पक्का पुल, डालीगंज पुल, सीडीआरआई होते आएंगी। वापसी में बलरामपुर अस्पताल ढाल, स्मारक होते हुए इसी रास्ते से जाएंगी। – चौक, शाहमीना तिराहा, डालीगंज पुल, कैसरबाग की ओर से आने वाहन क्लार्क अवध तिराहे से सीधे सुभाष चौराहा न जाकर क्लार्क अवध तिराहे से चिरैया झील, सहारागंज मॉल या संकल्प वाटिका होकर जाएंगे। – डालीगंज पुल, इक्का तांगा स्टैंड से आने वाले गोमती नदी बंधा होकर झूलेलाल पार्क की ओर न जाकर गोमती नदी पुल पार कर डालीगंज पुल या आईटी चौराहा होते हुए जाएंगे। – कैसरबाग टेलीफोन एक्सचेंज चौराहे से मकबरा रोड की ओर से वाहन परिवर्तन चौक की ओर न जाकर कैसरबाग बस अड्डा या सीडीआरआई तिराहा, क्लार्क अवध, चिरैया झील होकर जा सकेंगे। – निरालानगर से आने वाले वाहन आईटी चौराहा से विश्वविद्यालय मार्ग, हनुमान सेतु होते हुए सुभाष चौराहा की ओर न जाकर आईटी चौराहे से बाएं या दाएं मुड़कर समथर पेट्रोल पंप, निशातगंज या फिर डालीगंज पुल होकर जाएंगे। – हजरतगंज चौराहा व परिवर्तन चौक से आने वाले वाहन सुभाष चौराहा से हनुमान सेतु होकर आईटी चौराहा की ओर न जाकर मकबरा रोड, टेलीफोन एक्सचेंज, सीडीआरआई, डालीगंज पुल या क्लार्क अवध, चिरैया झील होकर जाएंगे। – हनुमान सेतु, नदवा बंधा तिराहे से नदवा बंधा रोड झूलेलाल पार्क की ओर न जाकर आईटी चौराहा होकर जाएंगे। – महाराणा प्रताप चौराहे से हीवेट रोड बंगाली क्लब की ओर न जाकर बर्लिंग्टन चौराहा या बांस मंडी चौराहा होकर जा सकेंगे। इमरजेंसी में ट्रैफिक पुलिस को करें कॉल। चिकित्सकीय अपरिहार्यता की स्थिति में वैकल्पिक मार्ग के अभाव में प्रतिबंधित मार्ग पर भी एंबुलेंस, शव वाहन, फायर सर्विस के वाहन आदि को छूट दी जाएगी। इसके लिए यातायात कंट्रोल रूम के नंबर 9454405155 व 6389304141 पर फोन कर मदद मांगी जा सकती है।

## लखनऊ विकास प्राधिकरण में फर्जीवाड़े के बाद रजिस्ट्री सेल की पूरी टीम बदली

लखनऊ ब्यूरो : फर्जीवाड़ा कर 13 भूखंड व भवनों की रजिस्ट्री कराए जाने के बाद एलडीए की रजिस्ट्री सेल के सभी बाबुओं को हटा दिया गया है। यहां तैनात तीन बाबुओं में से एक बाबू पवन कुमार को जहां जाली दस्तावेज व हस्ताक्षर का उपयोग कर रजिस्ट्री कराने पर निलंबित किया गया है। वहीं, बाकी दो बाबू मानबहादुर सिंह और विवेक श्रीवास्तव को हटाने के पीछे अफसरों ने तर्क दिया है कि एक ही अनुभाग होने के बाद भी दोनों को जालसाजी के बारे में जानकारी नहीं हुई। हालांकि, अनुभाग अधिकारी सीमा अग्रवाल को लेकर कोई बदलाव नहीं किया गया है। सचिव ने बुधवार को इसके लिए आदेश जारी कर दिया। रजिस्ट्री सेल में अब प्रदीप केसरवानी, शिवकुमार दुबे और कैलाश कुमार सिंह को तैनात किया गया है। वहीं, मानबहादुर सिंह को अब बसंतकुंज योजना में संपत्ति का काम मिला है। विवेक श्रीवास्तव अब आईजीआरएस के काम देखेंगे। उधर, बुधवार को भी रजिस्ट्री नहीं होने से लोग भटकते रहे। सचिव पवन गंगवार का कहना है कि रजिस्ट्री सेल और कंप्यूटर सेक्शन दोनों ही अनुभाग को फूलप्रूफ बनाया जा रहा है। कंप्यूटर सेक्शन में भी बदलाव चालू है। बुधवार को रजिस्ट्री कराए जाने के लिए नए बाबुओं के हस्ताक्षर सत्यापित कर भेजने की प्रक्रिया पूरी कर दी गई है। बृहस्पतिवार से रजिस्ट्री होना शुरू हो जाएंगी। जिनकी रजिस्ट्री टली हैं। उनका काम प्राथमिकता पर होगा। बने मकान तोड़े जाएंगे। सचिव का कहना है कि जिन भूखंड पर हुए निर्माण को तोड़ा जाएगा। इसके लिए प्रवर्तन की कार्रवाई कराई जा रही है। 13 में से तीन भूखंड पर निर्माण हो चुके हैं, जबकि एक पर निर्माण शुरू किया गया था।

## डफरिन अस्पताल में नहीं हो रही डेंगू व टायफाइड की जांच

लखनऊ ब्यूरो : महिला अस्पतालों में भर्ती होने वाली गर्भवती महिलाओं की डेंगू, टायफाइड व चिकनगुनिया की जांच नहीं हो रही है। ऐसे में तीमारदार नमूना लेकर एक से दूसरे अस्पताल दौड़ रहे हैं। यह हाल तब है जबकि स्वास्थ्य विभाग ने सभी अस्पतालों में डेंगू–मलेरिया व टायफाइड की जांच के आदेश दिए थे। इसके बाद भी कई महिला अस्पतालों में जांच बंद पड़ी है। तीमारदारों को जांच के लिए बड़े अस्पतालों में भेजा जा रहा है। डफरिन अस्पताल के वार्ड 3 में भर्ती महिला मरीज मौसमीन की दो दिन पहले अस्पताल में डिलीवरी हुई थी। इसके बाद से उसे तेज बुखार था। डॉक्टरों ने डेंगू–टायफाइड जांच कराने की सलाह दी। नर्स ने नमूना निकालकर अस्पताल की लैब में जांच के लिए भेजा, जहां पता चला जांच की सुविधा ही नहीं है। इसके बाद तीमारदार ने मरीज का नमूना लेकर बलरामपुर अस्पताल में दिया। यही हाल अभी तक झलकारीबाई अस्पताल का था। हालांकि अस्पताल प्रशासन ने अभी कुछ दिन पहले अस्पताल में जांच की सुविधा शुरू कर दी है। इसके अलावा कई नगरीय स्वास्थ्य केंद्र पर जांच की सुविधा न होने ने जांच के लिए नमूने बड़े अस्पताल भेजे जा रहे हैं। सीएमओ डॉ. मनोज का कहना है कि सभी स्वास्थ्य केंद्र पर जांच शुरू करने के निर्देश दिए गए थे। किसी भी स्वास्थ्य केंद्र पर जांच न होने की जानकारी मिलने पर जवाब तलब किया जाएगा।

# कोतवाली नगर क्षेत्र के नीलगोदाम के पास हुई फायरिंग में एक व्यक्ति की मौत, दो घायल

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले के कोतवाली नगर क्षेत्र के कोरखाना गाँव मे स्थित नील गोदाम के समीप दुर्गा पूजा के दौरान जागरण में कुछ युवकों द्वारा की गई फायरिंग से आसपास का इलाका गूँज गया।वही इस फायरिंग के संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि इस फायरिंग में एक व्यक्ति की मौत हो गई व शही दो बच्ची घायल हो गई।जिसे गंभीर अवस्था में चिकित्सको ने लखनऊ रेफर कर दिया।उन्होंने बताया कि पुलिस ने इस मौके पर मौजूद एक युवक को गिरफ्तार किया है।वही उनके मुताबिक इस वारदात में शामिल अन्य युवक फरार हो गये है।इस घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडे,पुलिस अधीक्षक नगर विजय पाल सिंह सहित भारी संख्या में पुलिस बल घटनास्थल पर मौजूद रहे।वही इस संबंध में पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में शामिल सभी आरोपियों को शीघ्र से शीघ्र पुलिस गिरफ्तार करके उनके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही करेगी।अयोध्या।थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत देवकाली चौकी क्षेत्र में कोरखाना नील गोदाम के पास फायरिंग की घटना में एक संदिग्ध व्यक्ति को पुलिस हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। इस संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि घटनास्थल से बदमाशों के वाहन बरामद हुआ है,वही घटना के अनावरण के लिए चार टीमों का गठन किया गया।वही थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत देवकाली चौकी क्षेत्र में फायरिंग की घटना के संबंध में एसएसपी शैलेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि दुर्गा पूजा पंडाल से इसका कोई लेना देना नहीं है। किसी भी प्रकार का कोई भी सम्बन्ध,प्रथम दृष्टया रंजिश का प्रकरण सामने आया है।जिसमे पुलिस टीमो द्वारा एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# बेटियो के प्रेरणा का प्रतीक बन रही आरएएफ 91 बटालियन में तैनात अशफाक अहमद की मेधावी बेटी महक

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) हमारे समाज में बेटिया बेटो से किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है।वे बेटो से कंधा से कंधा मिलाकर चल रही है।इतिहास गवाह हैं कि हमारी बेटियाँ अपने कर्मो से अपना नाम रोशन करती चली आ रही है।माता सीता, माता सावित्री, माता अहिल्या,रानी लक्ष्मी बाई,रानी दुर्गावती,इंदिरा गांधी,सरोजनी नायडू,प्रतिभा पाटिल, किरन वेदी सहित अन्य बेटिया हमारे भारत देश को गौरवान्वित करने का काम किया।वही इसी कड़ी में रैपिड एक्शन फोर्स में निरीक्षक पद पर तैनात अशफाक अहमद की तेज तर्रार व मेधावी बेटी महक पढाई के साथ साथ खेल में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेकर अपने माता–पिता,शिक्षक व अमिताभ कुमार के साथ साथ अपने बास्केटबॉल कोच विनोद कुमार व विक्रांत जी का नाम रोशन कर रही है।देश की उपासना हिन्दी समाचार पत्र व नव भारत चेतना न्यूज चैनल के ब्यूरो चीफ राजेश श्रीवास्तव से खास मुलाकात में लखनऊ की रेड रोज स्कूल राजाजीपुरम् की कक्षा ग्यारह की मेधावी छात्रा महक ने बताया कि मुझे अपने पिता जी की तरह प्रसिद्ध बास्केटबॉल के क्षेत्र में खिलाड़ी बनकर



अपने माता पिता व अपने शिक्षको व कोच के साथ साथ अपने देश का नाम बुलंदियो तक पहुँचाना है।इस मौके पर महक ने बताया कि इसमें हमारे कोच विनोद कुमार व विक्रांत जी के साथ साथ हमारे माता पिता की अहम् भूमिका हैं।मालूम हो कि महक के पिता रैपिड एक्शन फोर्स 91 बटालियन में निरीक्षक के पद पर तैनात हैं।

# प्रभु श्री राम व माता सीता के अलावा अन्य सभी किरदारों से हमें मिलती है कोई न कोई सीख – कैप्टन राज माथुर

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) रामायण में कोई भी भूमिका छोटी बड़ी नहीं होती है। रामायण में भगवान श्रीराम से लेकर रावण तक जितनी भी भूमिका है उससे हमें कोई न कोई सीख अवश्य मिलती है।भगवान राम के अलावा माता सीता, लक्ष्मण, भरत, शत्रुहन, सुलोचना, मारीच, महाराज दशरथ, कैकेयी, मंथरा, शबरी, रावण, मेघनाथ, हनुमान, अंगद सहित रामायण के सभी की भूमिका की अलग अलग महत्व है।जिससे हमे बहुत कुछ सीखने को मिलती है।यह बातें देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र वाह नवभारत चेतना न्यूज चौनल के ब्यूरो चीफ अयोध्या राजेश श्रीवास्तव से एक खास मुलाकात में विश्व प्रसिद्ध अयोध्या की रामलीला में भारत का किरदार निभा रहे व मेरी नस–नस में भारत जैसी फिल्म में मोदी की भूमिका में नजर आ रहे कैप्टन राज माथुर ने कही।उन्होंने कहा कि मैं इस रामलीला में भरत की भूमिका में नजर आ रहा हूं।भरत से हमें यही सीखने को मिलता है कि भरत ने अपने कर्तव्य के लिए अयोध्या के राज सिंहासन को भी मिट्टी के ढेर की भांति त्याग दिया।उन्होंने हमें यह बताने की कोशिश किया कि भाई से बड़ा प्रेम कोई प्रेम नहीं होता है।चल अचल संपत्ति से बढ़कर भाई का प्रेम होता है।इस मौके पर भरत की भूमिका में नजर आ रहे कैप्टन राज माथुर ने कहा कि भरत जैसा भाई विरले ही लोगों को नसीब होता है।उन्होंने कहा कि आज कलयुग में ठीक इसके विपरीत हो रहा है।कुछ ही लोग ऐसे हैं जो भारत की जैसे नजर आ रहे हैं नहीं तो आज एक एक इंच जमीन के लिए लोग लड़ रहे हैं।कैप्टन राज माथुर ने कहा कि हमारी फिल्म मेरी नस नस में भारत बन रही है जिसमे



मैं देश के प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी की भूमिका निभा रहा हूं और हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है की यह फिल्म बहुत सफल होगी। उन्होंने कहा कि रामायण में जहां एक ओर प्रभु श्री राम ने पुरुषोत्तम होने की सीख दिया।वही माता सीता ने पतिव्रता होने का सीख दिया।जबकि लक्ष्मण ने भाई प्रेम,मेघनाथ ने पिता प्रेम,विभीषण ने सत्य व धर्म रावण ने अंहकारी न बनने की सीख दिया।इसी तरीके से रामायण में जितने भी किरदार हैं सभी की भूमिका हमें कोई ना कोई सीख जरूर देती है।कुल मिलाकर रामायण का अपना महत्व ही अलग होता है एक सवाल पर उन्होंने कहा कि मैं प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या आकर धन्य हो गया और प्रभु श्री राम ने मेरी सुन ली और जो मैं यहां पर आया हूं वही अयोध्या की रामलीला में भरत जैसा किरदार भी निभा रहा हूं।

# 2023 में अपने गर्भगृह में विराजेगें रामलला, राम मंदिर निर्माण कार्य की रफ्तार हुई तेज

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीरामलला का गर्भगृह का निर्माण का काम तेजी से चल रहा है. राम मंदिर निर्माण को लेकर चल रहे राफ्ट की ढलाई का काम एक अक्टूबर से शुरू हुआ ये काम तेजी से किया जा रहा है। अयोध्या राम जन्म भूमि मंदिर निर्माण कार्य को लेकर राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय का बड़ा बयान सामने आया है। महामंत्री चंपत राय ने मीडिया से बातचीत में कहा है कि 15 नवंबर तक नींव के ऊपर राफ्ट के निर्माण का कार्य हो जाएगा. 15 नवंबर के बाद विंध्यवासिनी धाम मिर्जापुर के लाल बलुई पत्थरों से राम मंदिर का फर्श प्लिंथ का निर्माण कार्य शुरू होगा। महामंत्री चंपत राय ने बताया की मार्च 2022 में राम मंदिर का फर्श प्लिंथ का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा. उसके ऊपर राजस्थान के बंसी पहाड़पुर के पिंक सेंड स्टोन पत्थरों से राम मंदिर निर्माण शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इस समय राम मंदिर निर्माण का काम रात्रि में कम तापमान के बीच किया जा रहा है. इसमें डेढ़ मीटर मोटी राफ्ट का निर्माण कार्य किया जा रहा है. 17 ब्लॉकों को भरने का कार्य किया जा रहा है। राम मंदिर की प्लिंथ एक मजबूत चट्टान पर बनाई जाएगी. उसी चट्टान के निर्माण का कार्य किया जा रहा है. अभी तक 50 फीट गहरी 400 गुणे 300 लंबी चौड़ी नींव को इंजीनियरिंग फील्ड मटेरियल से भरने का कार्य किया गया था। पहले चरण का काम पूरा किया गया है. अब दूसरे चरण में राफ्ट के निर्माण का कार्य किया जा रहा है. महामंत्री चंपत राय ने कहा की राम मंदिर निर्माण अपने समय से तेज गति से किया जा रहा है। उम्मीद जताई जा रही है कि जल्दी ही राम मंदिर का निर्माण कर लिया जाएगा और भगवान राम अपने मूल स्थान गर्भ गृह में विराजमान होकर अपने भक्तों को दर्शन देंगे. हालांकि राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने दिसंबर 2023 तक राम मंदिर निर्माण कार्य को पूरा किए जाने और भगवान राम को मूल गर्भ गृह में विराजमान किए जाने की डेडलाइन तय की है।

# विश्व के लिए आकर्षण का केन्द्र बिन्दु होगा पांचवां दीपोत्सव, मण्डलायुक्त ने की दीपोत्सव तैयारियों की समीक्षा

अयोध्या संवाददाता डॉ. अजय कुमार तिवारी मण्डलायुक्त एमपी अग्रवाल की अध्यक्षता में आयुक्त सभागार में दीपोत्सव 2021 की तैयारी बैठक की समीक्षा की। मण्डलायुक्त ने 1 नवम्बर से 6 नवम्बर 2021 तक आयोजित होने वाले भव्य दीपोत्सव की तैयारियों के सम्बंध में जिलाधिकारी अनुज कुमार झा से अब तक की गयी तैयारी की बिन्दुवार जानकारी प्राप्त की। तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी द्वारा भव्य दीपोत्सव का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि इस बार दीपोत्सव में 7.50 लाख दीपक जलाये जाने का प्रस्ताव है, दीपोत्सव की व्यवस्था माटी कला बोर्ड के माध्यम से करायी जा रही है इस कार्य की जिम्मेदारी डा0 राम मनोहर लोहिया अवध विवि को सौपी गयी है। दीपक को जलाने हेतु अवध विवि के द्वारा अपने विश्वविद्यालय के तथा इंटर कालेज के 12 हजार वालन्टियर्स को लगाया गया है। सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों पर जलाये जायेंगे दीपक रामनगरी के सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों पर दीपक जलाये जायेंगे। दीपोत्सव में मुख्य रूप से पर्यटन, संस्कृति, सूचना, राम मनोहर लोहिया विश्वविद्यालय, विकास, राजस्व, उद्यान, नगर निगम, विकास प्राधिकरण आदि विभागों के लगभग 27 प्रकार के दायित्व दिये गये है और कहा गया है कि सभी विभाग बेहतर समन्वय के साथ दीपोत्सव की तैयारी करें। सूचना विभाग द्वारा दीपोत्सव के सम्पूर्ण कार्यक्रम का दूरदर्शन एवं अन्य प्रचार साधनों द्वारा सजीव प्रसारण किया जायेगा। मेरे द्वारा सितम्बर के प्रथम सप्ताह में ही शासन के वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र लिखा जा चुका है और सम्बंधित विभाग भी पत्राचार की कार्यवाही कर रहे है। जिलाधिकारी ने बताया कि इस बार दीपोत्सव कार्यक्रम 6 दिवसीय होगा। मुख्य कार्यक्रम 3 सितम्बर को रामकथा पार्क एवं राम की पैड़ी पर आयोजित होंगे। 2 व 3 नवम्बर 2021 को 3 विदेशी रामलीला दल लंका, नेपाल एवं त्रिनीडाड एण्ड टुवैगो दलों द्वारा रामायण के विभिन्न प्रसंगों पर अपनी आकर्षण प्रस्तुति प्रस्तुत करेंगे। भजन संध्या स्थल पर रामलीला का मंचन कराने के निर्देश संस्कृति विभाग को दे दिये गये है। उपरोक्त के अतिरिक्त संस्कृति विभाग के कलाकारों द्वारा अयोध्या के प्रमुख 11 स्थानों भरतकुण्ड, नाका हनुमानगढ़ी, बड़ी देवकाली, साहबगंज रामजानकी मंदिर, जालपा मंदिर, साकेत डिग्री कालेज, बिरला धर्मशाला, राज सदन, कनक भवन, तुलसी उद्यान व गुप्तारघाट पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी की जायेगी। रामायण कालीन 11 झांकियां रहेंगी आकर्षण का केन्द्र। सूचना विभाग द्वारा निकाली जाने वाली शोभायात्रा में रामायण कालीन 11 झांकियां आकर्षण का केन्द्र बिन्दु रहेगी। झांकियों पर रामायण के विभिन्न प्रसंगों के सजीव पात्र जहां अपनी कलाओं से उस समय की घटनाओं को उकेरेंगे, वही झाकियों के साथ चल रहे कलाकार भी अपनी आकर्षण प्रस्तुति से लोगों को अपनी ओर आकर्षित करेंगे तथा लोगों का मन मोह लेंगे। कुल मिलाकर लगभग 500 से 600 कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी तथा अयोध्या के प्रमुख मठ मंदिरों में सूचना विभाग के सांस्कृतिक दलों द्वारा कार्यक्रम कराया जायेगा। उपरोक्त के अतिरिक्त भगवान श्रीराम, माता सीता तथा लक्ष्मण जी के स्वरूप की लंका से वापसी के वर्णन को साक्षात बनाने के लिए नये घाट पर निर्मित हेलीपैड पर पुष्पक विमान उतारने की व्यवस्था के साथ अनुज, भरत एवं शत्रुहन सहित अयोध्या वासियों द्वारा की गयी मार्मिक व भव्य अगवानी के मनोहर दृश्यों के साथ भगवान श्रीराम के राजतिलक के दिव्य दृश्य की प्रस्तुतिकरण पर्यटन एवं संस्कृति विभाग द्वारा किया जायेगा। अयोध्या के प्रमुख चौराहों स्थलों, धार्मिक स्थानों पर सूचना विभाग 35 एलईडी बैन व 20 एलईडी डिस्प्ले बोर्ड के माध्यम से सम्पूर्ण कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया जायेगा जिसे दूरदर्शन पर भी देखा जा सकता है तथा सूचना विभाग द्वारा शासकीय योजनाओं से सम्बंधित बड़ी संख्या में होर्डिंग्स, कटआउट स्टैण्डी आदि जुड़वा शहर में लगवाये जायेंगे। पर्यटन विभाग द्वारा सभी मार्गो पर लाइट गेट लगाये जायेंगे तथा झालरो व अन्य विद्युत सजावटी सामाग्रियों से पूरी अयोध्या को भव्य रूप देते हुये सजाया जायेगा। जिला पंचायत अधिकारी द्वारा भी अयोध्या के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी सफाई करायी जा रही है। पुलिस विभाग द्वारा पूरे कार्यक्रम के दौरान व्यापक सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किये गये है जिसकी मानीटरिंग स्वयं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री शैलेश कुमार पांडेय द्वारा किया जा रहा है। अयोध्या आने जाने वाले हर व्यक्तियों पर कड़ी निगरानी की जा रही है तथा कार्यक्रम के पूर्व सभी मार्गो पर बैरीकेट लगाकर आने जाने वाले वाहनों की व्यापक चेकिंग करायी जायेगी। व्यापक सुरक्षा व्यवस्था हेतु अन्य जनपदों से भी पुलिस अधिकारियों की तैनाती की मांग शासन से की गयी है। नगर आयुक्त नगर निगम विशाल सिंह ने कहा कि नगर निगम द्वारा बेहतर सफाई व्यवस्था करायी जा रही है। बैठक में सम्बंधित विभागों के अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था उपस्थित थे।

# नकली सीमेण्ट बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ : नकली सीमेण्ट की बोरी एवं बनाने के उपकरण बरामद तथा एक अभि0 गिरफ्तार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियो पर नकेल कसने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत व पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण मे रात्रि को थाना स्थानीय की पुलिस टीम व स्वाट/सर्विलांस टीम तथा अल्ट्राटेक सीमेण्ट के अधिकारीयो की संयुक्त टीम के द्वारा थाना को अयोध्या क्षेत्र के ग्राम रामपुर हलवारा मे नकली सीमेण्ट बनने की सूचना पर दबिश देकर नकली सीमेण्ट से भरी 41 बोरी, डैमेज सीमेण्ट से भरी 46 बोरी व अल्ट्राटेक व ए0सी0सी0 सीमेण्ट की नकली खाली बोरीयां तथा नकली सीमेण्ट बनाने के उपकरण बरामद हुआ। मौके से एक अभि0 शिवबहादुर गिरफ्तार हुआ तथा इस नकली सीमेण्ट बनाने के धन्धे मे संलिप्त 04 अन्य अभि0 मौके से अँधेरे का फायदा उठाकर भाग गये। पकडे गये अभि0 शिवबहादुर यादव ने बताया कि यह गोदाम की बिल्डिंग रामरेन्द्र सिंह उर्फ मोनू की है, तथा शेष तीन लोग 1. प्रदीप पाण्डेय 2. कपिलदेव मिश्रा 3. सुनील कुमार नकली सीमेण्ट बनाने का कार्य मेरे साथ करते है। इस कार्यवाही के पश्चात थाना हाजा पर अल्ट्राटेक के उप–प्रबन्धक हरजीत सिंह0 पुत्र भजन सिहं के द्वारा दी गई तहरीर के अधार पर अभियोग पंजीकृत किया गया।

# किसानों को निःशुल्क सब्जी बीज, कृषि विवि के कृषि वानिकी विभाग द्वारा किया गया वितरित

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : आचार्य नरेंद्र देव कृषि एंव प्रोधोगिकी विश्वविद्यालय के कृषि वानिकी विभाग के अंतर्गत् चल रही अखिल भारतीय समंवित कृषि वानिकी अनुसंधान परियोजना के सौजन्य से ग्राम पंचायत मीन नगर विकास खण्ड दरियाबाद, जिला बाराबंकी के अनुसूचित जाति के किसानों को एक दिवसीय सब्जी बीज वितरण कार्यक्रम सम्पन हुआ। यह कार्यक्रम कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह के मार्ग दर्शन पर कराया गया। इस अवसर पर डॉ ओ पी राव,अधिष्ठाता, प्राध्यापक एंव अध्यक्ष कृषि वानिकी विभाग द्वारा किसानों को ऑनलाइन खेती के साथ साथ सब्जी को लगाकर आय बढ़ाने के तरीकों के बारे में बताया गया।मूली ,पालक,भिन्डी ,लौकी, कददू, तोरई , मेथी बैगन ,धनिया , आदि सब्जी बीज वितरण गांव के अनुसूचित जाति के किसानों को कार्यक्रम के परियोजना अन्वेषक डॉ एस के वर्मा की अध्यक्षता में दरियाबाद ,टिकैतनगर , बाराबंकी के ग्राम पंचायत मीननगर विकास खण्ड दरियाबाद में ग्राम प्रधान द्वारा किसानों में निःशुल्क सब्जी बीज वितरण किया गया। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि पूर्व के माह अगस्त 2021 मे भी उक्त परियोजना के अंतर्गत् इन गांवों में अनुसूचित जाति के किसानों में 2 दिन विभिन्न पौधों का वितरण का किया गया था। इस अवसर पर क्षेत्र के प्रतिष्ठित गणमान्य डॉ दुर्गा प्रसाद सिंह ,नंद किशोर सिंह ,जगदेव सिंह, सीताराम ,अभय प्रताप सिंह, शौर्य प्रताप सिंह आदि उपस्थित थे।

# पवन पुत्र हनुमान ने की सोने की लंका जलाकर राख, मचा हाहाकार

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : सरयू तट स्थित लक्ष्मण किला मैदान में संचालित फिल्मी कलाकारों की रामलीला दर्शकों को आकर्षित कर रही है। बॉलीवुड के स्पेशल इफेक्ट के जरिए रामकथा के प्रसंग जीवंत होते प्रतीत होते हैं। राम–सुग्रीव मित्रता व लंका दहन के प्रसंग ने मंगलवार रात दर्शकों को रोमांचित कर दिया। हनुमान की भूमिका में प्रख्यात अभिनेता बिंदु दारा सिह ने अपने अभिनय से सभी को आकर्षित किया। रामलीला मंचन के क्रम में ऋष्यमूक पर्वत पर सुग्रीव, वानरदल के साथ विराजमान हैं। इस बीच दो धर्नुधारी के आने की सूचना पर वह सशंकित हो जाते हैं। हनुमान ब्राह्मण के वेष मे राम–लक्ष्मण के पास जाते हैं। हनुमान को जब पता चला कि वे दोनों दशरथ नंदन भगवान श्रीराम व लक्ष्मण हैं तो वे भाव विह्वल हो जाते हैं। राम–हनुमान मिलन की प्रस्तुति ने सभी को आकर्षित कर दिया। हनुमान राम व लक्ष्मण को अपने कंधों पर बैठाकर सुग्रीव के पास ले जाते हैं। यहां राम व सुग्रीव की मित्रता होती है। अगले दृश्य में राम बालि का वध करते हैं। लीला मंचन के क्रम में राजा सुग्रीव वानरों की सेना चारों दिशाओं में माता सीता की खोज के लिए भेजते हैं। एक अन्य दृश्य में समुद्र का किनारा होता है, वानरदल इस चिंता में नजर आता है कि सौ योजन समुद्र पार कर लंका कौन जा सकता है। जामवंत हनुमान जी को उनके बल का स्मरण कराते हैं। हनुमान जी को अपनी शक्ति का ज्ञान होता है। हनुमान जी सियापति रामचंद्र की जय कर जयकारा लगाते हुए समुद्र लांघ जाते हैं। हवा में उड़ते हनुमान का दृश्य देखकर दर्शक रोमांचित हो उठते हैं। अगले दृश्य में हनुमान लंका में प्रवेश करते हैं। लंकनी हनुमान जी से कहती है प्रविसि नगर कीजे सब काजा, ह्रदय राखि कोसलपुर राजा३हे हनुमान जी श्री रघुनाथ जी को ह्रदय में रखकर नगर में प्रवेश करे। अगले दृश्य में हनुमान की मुलाकात विभीषण से होती है। एक अन्य दृश्य में माता सीता अशोक वाटिका में बैठी होती हैं। हनुमान व माता सीता का संवाद भी दर्शकों को आकर्षित करता है। लीला मंचन के क्रम में हनुमान का अक्षय कुमार से युद्ध होता है। अक्षय कुमार हनुमान के हाथों मारे जाते हैं। अगले दृश्य में मेघनाथ का प्रवेश होता है। मेघनाथ हनुमान को ब्रह्मपाश में बांधकर लंका के दरबार में रावण के समक्ष प्रस्तुत करते हैं। हनुमान के पूंछ में आग लगायी जाती है। जैसे ही आग लगती है हनुमान सारी लंका में आग लगा देते हैं, त्राहि–त्राहि मच जाती है।

# गणतंत्र दिवस परेड शिविर में सहभागिता के लिए होगा चयन

अयोध्या संवाददाता डॉ. अजय कुमार तिवारी डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा गणतंत्र दिवस परेड शिविर में सहभागिता के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों का चयन 25 अक्टूबर, 2021 को पूर्वान्ह 11:30 बजे विश्वविद्यालय के केन्द्रीय पुस्तकालय में किया जायेगा। इस सम्बन्ध में विश्वविद्यालय ने सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं रासेयो के कार्यक्रमाधिकारियों को आदेश निर्गत कर दिया है। क्षेत्रीय निदेशक भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, केन्द्रीय भवन लखनऊ के पत्र के आलोक में राष्ट्रीय सेवा योजना अवध विश्वविद्यालय प्रतिभागियों का चयन करेगा। इनके चयन में विश्वविद्यालय के कुलसचिव/कार्यक्रम समन्वयक रासेयो अविवि, क्षेत्रीय निदेशक, भारत सरकार, लखनऊ एवं तीन एनसीसी/पैरामिलेट्री फोर्स के प्रशिक्षक सदस्य के रूप में शामिल होंगे। विश्वविद्यालय के कुलसचिव उमानाथ ने बताया कि कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह के आदेशानुसार सम्बद्ध महाविद्यालयों को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के चयन सम्बन्धी दिशा–निर्देश प्रदान कर दिए गए है। इसमें स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं को संलग्न प्रारूप के साथ दो रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो सहित विश्वविद्यालय में उपरोक्त समयानुसार उपस्थित होना होगा।

# निजी चिकित्सक ने दोनों पैर से विकलांग युवती के साथ रचाई शादी

अयोध्या संवाददाता डॉ. अजय कुमार तिवारी : मंगलवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत एक निजी चिकित्सक ने दोनों पैरों से विकलांग युवती के साथ शादी रचाई। जिसकी लोगों ने खूब सराहना की। निजी चिकित्सक की विकलांग युवती के साथ शादी रचाने का मामला खूब चर्चा में रहा। अमानीगंज विकासखंड के सरौली गांव की रहने वाली दोनों पैरों से विकलांग कलावती पुत्री बाबूलाल जब अपने गांव के प्रधान ऋतुराज पांडे के साथ खिसक खिसक कर मंच पर चढ़ी तो सबकी निगाहें विकलांग युवक को खोजने लगी लेकिन जब एक स्वस्थ युवक मंच पर चढ़ा और उसने दोनों पैरों से विकलांग युवती से शादी रचाई तो सब आश्चर्यचकित हो गए। कलावती स्नातक तक शिक्षित है और दोनों पैरों से विकलांग हैं जो खड़ी नहीं हो सकती। वही प्रतापगढ़ जनपद के मूल निवासी विपिन कुमार क्षेत्र में निजी चिकित्सक के रूप में प्रैक्टिस कर रहे थे प्रैक्टिस के दौरान ही दोनों में संबंध हो गया विपिन कुमार शारीरिक रूप से पूर्णतया स्वस्थ हैं उन्होंने बताया कि इलाज के दौरान उनका 1 वर्ष पूर्व कलावती से परिचय हुआ था धीरे–धीरे दोनों में गहरा संबंध हो गया दोनों ने साथ जीने साथ मरने की कसमे खायी और मंगलवार को सामूहिक विवाह कार्यक्रम के दौरान एक दूसरे के हो लिए। एक स्वस्थ युवक का दोनों पैरों से विकलांग युवती के साथ शादी करना पूरे पंडाल में चर्चा का विषय बना रहा। कलावती ने बताया कि उन्होंने स्नातक तक पढ़ाई की है अब उन्हें एक सहारा मिल गया है इसके सहारे बड़ा मुकाम हासिल करने की तैयारी है।

# प्रदीप निषाद कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश सचिव नियुक्त

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : गोसाईगंज विधानसभा के तारुन ब्लाक निवासी युवा कांग्रेसी नेता प्रदीप निषाद को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष मनोज यादव व विधायक नरेश सैनी कार्यकारी अध्यक्ष ने संगठन में श्री निषाद की अभिरुचि एवं कांग्रेस की नीतियों और सिद्धांतों के अनुरूप पिछड़ा वर्ग के लोगों के कल्याण की दिशा में किए जा रहे कार्यों और योगदान को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश अध्यक्ष की सहमति से कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग का प्रदेश सचिव नियुक्त किया है उक्त जानकारी देते हुए जिला प्रवक्ता मोहम्मद शरीफ ने बताया कि दोनों कार्यकारी अध्यक्षों ने प्रदीप निषाद से अपेक्षा की है कि वह संगठन के माध्यम से पिछड़े वर्ग के लोगों को अधिक से अधिक संख्या में कांग्रेस की परिधि में संगठित कर कांग्रेस अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गांधी,राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी श्रीमती प्रियंका गांधी तथा प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू विधायक के हाथों को मजबूत बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। उपरोक्त नियुक्ति पर जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव,पूर्व विधायक माधव प्रसाद,एआईसीसी सदस्य राजेंद्र प्रताप सिंह,अशोक सिंह,उग्रसेन मिश्रा,प्रदेश सचिव सुनील पाठक,पीसीसी सदस्य दयानंद शुक्ला,पूर्व जिलाध्यक्ष रामदास वर्मा,पीसीसी सदस्य अशोक कुमार सिंह,पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष,राजदेव वर्मा,पिछड़ा वर्ग महानगर अध्यक्ष मंशाराम यादव,प्रदेश महिला सेवादल अध्यक्ष सुनीता निषाद,महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष मधुपाठक,युवा नेता दिनेश यादव,सोशल मीडिया के प्रदेश शैलेंद्र पाण्डेय,युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष संजय तिवारी,अल्पसंख्यक विभाग जिलाध्यक्ष अजमल खलील,रुदौली नगर अध्यक्ष तारिक रूदौलवी,श्रीमती नीलम कोरी,अनुसूचित जाति जिलाध्यक्ष राम सागर रावत,शरद शुक्ला,एनएसयूआई के शैलेश शुक्ल, सेवादल जिलाध्यक्ष हरे कृष्ण गुप्ता,सेवादल महानगर अध्यक्ष बसंत मिश्रा,कोऑर्डिनेटर जिला कोषाध्यक्ष अब्दुल हकीम,व्यापार प्रकोष्ठ के कवीन्द्र साहनी,व्यापार प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मोहम्मद दानिश जिया,जिला उपाध्यक्ष रामनरेश मौर्य,वेद सिंह कमल,अमरीश पाण्डेय,राजेश तिवारी बाबा,महानगर उपाध्यक्ष उमेश उपाध्याय,प्रवीण श्रीवास्तव,विजय पाण्डेय,भीम शुक्ला,अशोक कुमार राय,मनीष सिंह,अजीत वर्मा,मोहम्मद अहमद टीटू,ब्लॉक अध्यक्ष उमाकांत गुप्ता,नंद कुमार सोनकर दयाशंकर तिवारी,बलबीर सिंह कोरी,जियाराम पंकज,मंजीत,राजभर,अमरजीत रावत,सरजू प्रजापति,रामनेवल निषाद,अशोक निषाद,संदीप निषाद आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए पूर्व प्रदेश अध्यक्ष/पूर्व सांसद डॉ निर्मल खत्री का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक
**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**
**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**
deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।